दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 307 | सीकर, शनिवार 03 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए 10 तक छुट्टी

### सर्दी बढ़ने के कारण 3 से 6 साल के बच्चों को नहीं जाना पड़ेगा सेंटर; स्कूल खुले रहेंगे



बीकानेर।

वर्तमान में प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप होने के कारण जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आदेश जारी कर आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का 2 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। हालांकि सरकारी और प्राइवेट स्कूल्स के लिए अभी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। आदेशानुसार आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से दी जाने वाली अन्य सेवाएं जैसे टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आदि अन्य गतिविधियां पूर्व की भांति संपादित की जायेगी। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मानदेयकर्मी निर्धारित समय में नियमित रूप से उपस्थित रहकर आंगनबाडी केन्द्रों के संचालन संबंधी समस्त गतिविधियो को यथावत सम्पादित करेंगे। इस अवधि के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थित होने वाले बच्चों को दिया जाने वाला गरम पोषाहार, टेक होम राशन के रूप में उपलब्ध करवाया जाएगा।

**स्कूलों में नहीं रहेगी छुट्टी**-जिला कलेक्टर ने तीन से छह साल के बच्चों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाने वाले बच्चों की तो छुट्टी कर दी है लेकिन स्कूल में तीन से छह साल तक के बच्चे नर्सरी से क्लास एक तक पढ़ते हैं। इन बच्चों की स्कूल भी छह जनवरी से फिर शुरू हो जाएगी। ऐसे में इन बच्चों के लिए अभी तक कोई आदेश नहीं है। अगर सर्दी ज्यादा बढ़ी तो कलेक्टर छुट्टी कर सकती है।

## नीमकाथाना के पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर का निधन

### जयपुर के अस्पताल में चल रहा था इलाज, जयपुर में टीचर की नौकरी के बाद लड़ा चुनाव



नीमकाथाना।

नीमकाथाना से दो बार विधायक रहे फूलचंद गुर्जर का शुक्रवार को जयपुर में निधन हो गया। कुछ दिन से फूलचंद गुर्जर बीमार चल रहे थे। उनका जयपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। परिवार से मिली जानकारी अनुसार उनका नीमकाथाना में अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूर्व विधायक के निधन के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। शाम 5 बजे नीमकाथाना में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान विधायक सुरेश मोदी ने श्रद्धांजलि दी।

### टीचर से विधायक तक तय किया सफर

फूलचंद गुर्जर का जन्म 1953 में सीकर को मोठूका में हुआ था। उन्होंने 1972 से 1978 तक सरस्वती विद्या निकेतन, बनीपार्क, जयपुर में अध्यापक के रूप में कार्य किया। इसके बाद वह 1978 में ग्राम पंचायत, बेगा की नांगल के सरपंच चुने गए। 5 साल वह बेगा की नांगल के सरपंच रहे।




# नेताओं के प्रति विश्वास का संकट : राजनाथ सिंह

## कहा : मेरा राजनीति में आना एक संयोग, विधायक विश्वराज सिंह ने कटारिया पर तंज कसा

उदयपुर।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की राजनीति और नेताओं के प्रति विश्वास का संकट पैदा हुआ है। इस क्राइसिस और विश्वसनीयता के संकट को चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। राजनाथ सिंह शुक्रवार उदयपुर में विद्या प्रचारिणी सभा और बीएन संस्थान के 104वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

राजनाथ सिंह ने दिल्ली धमाके पर कहा कि लाल किले के पास हुए बम धमाके में ऐसे लोगों का नाम सामने आया, जो व्हाइट कॉलर थे। वो डॉक्टर अपनी पर्ची पर आरएक्स लिखते थे, लेकिन उनके पास आरडीएक्स मिला। ज्ञान के साथ संस्कार होना बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री ने कहा- भारत 2030 तक टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल हो जाएगा। भारत अब डिफेंस के क्षेत्र में काफी ग्रो कर रहा है। हथियार बनाने के मामले में हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हैं। पहले विदेशों में लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे, लेकिन आज यह हैसियत बनी है कि जब भारत बोलता है तो सब सुनते हैं।

### राजनीति में आना मेरे लिए हर-हर गंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- मेरे अंदर का शिक्षक आज भी जिंदा है। मेरा राजनीति में आना एक संयोग रहा है। हमारे यहां कहते है कि फिसल पड़े तो हर-हर गंगे। कोई ऐसा व्यक्ति था, जो गंगा जी में स्नान नहीं करना चाहता था, लेकिन किनारे खड़ा था। तब वो फिसलकर कर गिर गया तो उसने भी बोला हर-हर गंगे। यही हालत हमारी हो गई है। राजनीति में आना हमारे लिए कुछ ऐसा ही हुआ है। उदयपुर में सैनिक स्कूल की मांग पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बीएन संस्थान के दोनों स्कूलों के लिए निरीक्षण रिपोर्ट पॉजिटिव है। मैं अब इस मामले को देखूंगा। मेरी तरफ से जितना होगा, पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि लोग कहेंगे कि कर देना चाहिए, लेकिन मैं अपने राजनीतिक जीवन में कभी आश्वासन नहीं देता हूं, क्योंकि नेताओं के शब्दों और डील में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और नेताओं के प्रति विश्वास का संकट पैदा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब से यूनिवर्सिटी के इस कार्यक्रम में आकर मंच पर बैठे हैं, तब से डिफरेंट और पॉजिटिव वाइब्रेशन महसूस कर रहे हैं। मंच पर बहुत अच्छा लग रहा है, जबकि देश की 60 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज़ के कार्यक्रमों में जा चुका हूं, ऐसा कहीं भी नहीं लगा। उन्होंने बच्चों से कहा- मनुष्य अपनी कृतियों से विभूषित होता है। स्वाभिमान की भावना अहंकार में नहीं बदल जाए, दोनों के बीच बहुत पतली रेखा है। उन्होंने कहा- नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ ज्ञान बढ़ाने को केंद्र में रखा गया है। इसमें शिक्षकों को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार 54 प्रतिशत लोग अपने बच्चों को टीचर बनाना चाहते हैं, क्योंकि टीचर्स का सम्मान है। शिक्षक का गुण मत देखो, उनके लिए हमेशा सम्मान का भाव होना चाहिए। जीवन में संस्कार का बहुत महत्व होता है। जो झुकता है, वही उठता है। यही परंपरा है, यही शक्ति है। राजनाथ सिंह ने कहा- आर्म्ड फोर्सेज में सामूहिक भोजन की परंपरा है। उसे देखकर बहुत सुखद अनुभूति होती है। मैं भी प्रोटोकॉल को तोड़कर सहज वातावरण में निकटता से जानने की कोशिश करता हूं। आज का भारत अपने अतीत पर गर्व करता है। प्राचीन काल से इंडिया का हर सिस्टम समृद्ध रहा है।

# जयशंकर बोले- दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे

## हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का हक, कोई ये न बताए हमें क्या करना है

चेन्नई।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं, दुर्भाग्य से हमारे हैं। अगर कोई देश यह तय करता है कि वह जानबूझकर, लगातार और बिना पछतावे के आतंकवाद जारी रखेगा तो हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का अधिकार है। विदेश मंत्री ने यह बात आईआईटी मद्रास के एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि हम उस अधिकार का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह हम पर निर्भर है। कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। हम खुद को बचाने के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह करेंगे।

### बांग्लादेश पर जयशंकर ने कहा- अच्छे लोग नुकसानदायक नहीं

बांग्लादेश में अशांति पर विदेश मंत्री ने कहा- मैं अभी दो दिन पहले बांग्लादेश में था। मैं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करने गया था। हमें कई तरह के पड़ोसी मिले हैं। अगर आपका कोई पड़ोसी आपके लिए अच्छा है या कम से कम आपके लिए नुकसानदायक नहीं है तो इसमें परेशानी नहीं है। जहां भी अच्छे पड़ोसी होने की भावना होती है, भारत निवेश करता है, भारत मदद करता है, भारत शेयर करता है।



### विदेश मंत्री की स्पीच की 3 मुख्य बातें...

- भारत दुनिया की उन पुरानी सभ्यताओं में से है, जो आज एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में मौजूद हैं। भारत को अपने इतिहास और विरासत का स्पष्ट एहसास है, जो बहुत कम देशों में देखने को मिलता है। भारत ने जानबूझकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया, जिससे लोकतंत्र एक वैश्विक राजनीतिक विचार बना। भारत की जिम्मेदारी है कि वह अपने विचार, संस्कृति और इतिहास को दुनिया के सामने रखे।
- पश्चिमी देशों के साथ साझेदारी जरूरी है और यह साझेदारी सकारात्मक तरीके से की जा सकती है। 'वसुधैव कुटुंबकम' का अर्थ है कि भारत ने दुनिया को कभी दुश्मन या खतरे के रूप में नहीं देखा। सीमित संसाधनों के बावजूद ज्यादा प्रभाव कैसे डाला जाए, यही भारत की विदेश नीति की सोच है। भारतीय कूटनीति अपनी ताकत, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक संस्थानों का उपयोग करके समाधान तलाशती है।
- वैक्सीन डिप्लोमेसी का भावनात्मक असर बहुत गहरा रहा। कई देशों में पहली वैक्सीन खेप मिलने पर लोगों की आंखों में आंसू थे। कोविड के दौरान कई विकसित देशों ने जरूरत से ज्यादा वैक्सीन जमा कर ली थी। छोटे और गरीब देशों के लिए भारत की वैक्सीन मदद जीवनरेखा जैसी थी। भारत दुनिया के सबसे कुशल वैक्सीन उत्पादकों में से एक है। वैश्विक सप्लाई चेन भारत के बाहर से आती है, इसलिए दुनिया के साथ सहयोग जरूरी है।

## प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दिखाता है अहमदाबाद फ्लावर शो : पीएम मोदी

नई दिल्ली



पीएम मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद फ्लावर शो की जमकर तारीफ की। पीएम ने कहा कि यह शहर की जीवंत भावना व प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दर्शाता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद फ्लावर शो रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाता है और शहर की जीवंत भावना व प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दर्शाता है। उन्होंने लिखा कि यह भी सराहनीय है कि यह फूलों की प्रदर्शनी हर साल अपने आकार और कल्पनाशीलता में बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह प्रतिक्रिया गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के इस एक्स पोस्ट पर दी, जिसमें उन्होंने फ्लावर शो से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि गुजरात की खुशबू, पूरी दुनिया में। अपने एक्स पोस्ट में भूपेंद्र पटेल ने लिखा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित 14वें फ्लावर शो में इस वर्ष दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सृजन होना हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर मंडला और सरदार वल्लभभाई पटेल जी का विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर पोर्ट्रेट—इन उपलब्धियों के साथ अहमदाबाद फ्लावर शो ने लगातार तीसरे वर्ष वर्ल्ड रिकॉर्ड की हैट्रिक दर्ज की है। सीएम ने यह भी लिखा कि वर्ष 2024 में विश्व का सबसे लंबा फ्लावर स्ट्रक्चर तथा वर्ष 2025 में विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर बुके बनाकर अहमदाबाद फ्लावर शो ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। वर्ष 2026 में दो नए वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ यह आयोजन रचनात्मकता और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता का अनुपम उदाहरण बना है।

# मलमास साथ में 36 के आंकड़े से भाजपा कार्यकारिणी में खलबली

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गुरुवार रात को झुंझुनू जिला भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा होते ही पार्टी संगठन के भीतर असंतोष के सुर उभरने लगे।

अगले ही दिन शुक्रवार को दबी जुबान में नाराजगी, सवाल और संभावित बगावत की चर्चाएं तेज हो गईं। भाजपा से जुड़े संगठनात्मक सूत्रों के अनुसार 36 पदाधिकारियों की यह सूची न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि कई वरिष्ठ नेताओं और कर्मठ कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किए जाने के आरोपों के कारण विवादों में आ गई है।

सूत्रों का कहना है कि कुछ वरिष्ठ भाजपा नेताओं को उनके कद, अनुभव और योगदान के अनुरूप जिम्मेदारी नहीं दी गई। कई नेताओं को पद से वंचित कर या अपेक्षाकृत छोटे पद देकर सम्मान के बजाय अपमान का अहसास कराया गया है। वहीं, बार-बार एक ही व्यक्ति को महत्वपूर्ण पद सौंपने और लंबे समय से सक्रिय जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी को लेकर भी पार्टी के भीतर असंतोष गहराता जा रहा है। हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं कि झुंझुनू भाजपा में किसी भी समय खुला विरोध सामने आ सकता है।

### उप चुनाव में जीत गुढ़ा वजह


झुंझुनू भाजपा लंबे समय से गुटबाजी से जूझती रही है, जिसका खामियाजा पार्टी को विधानसभा चुनावों में लगातार उठाना पड़ा है। हालिया उप- चुनाव में मिली जीत को भी कई नेता संगठन की मजबूती से अधिक कांग्रेस की कमजोरी कम और राजेंद्र गुढ़ा की भूमिका को ज्यादा जोड़कर देख रहे हैं।

### कार्यकारिणी में होता रहा फेरबदल

भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि पर कार्यकारिणी के गठन को लेकर शुरू से ही भारी दबाव बना हुआ था। कार्यकर्ताओं की अपेक्षा थी कि कार्यकारिणी शीघ्र घोषित की जाए, लेकिन नामों को लेकर लंबे समय तक माथापच्ची चलती रही। सूत्रों के अनुसार सूची कई बार तैयार की गई और हर बार सिफारिशों, आपत्तियों और विरोध के चलते उसमें फेरबदल होता रहा। नाम लीक होते ही कभी प्रदेश कार्यालय तो कभी पूर्व सांसदों और वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से नाम कटवाने या जुड़वाने के प्रयास किए जाते रहे, जिसमें कुछ सफल हुए तो कई दावेदार मायूस रह गए।

### सिफारिशों के पदाधिकारी


आखिरकार गुरुवार रात को 6 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री, आईटी सेल प्रभारी, मीडिया प्रभारी सहित कुल 36 पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। सूची सामने आते ही जिला मुख्यालय पर अंदरूनी खलबली की चर्चाएं आम हो गईं। कुछ कार्यकर्ताओं ने वर्तमान विधायक राजेंद्र भांबू के नजदीकियों को प्राथमिकता देने के आरोप लगाए, वहीं कुछ लोगों ने इसे पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के प्रभाव को सीमित करने की रणनीति करार दिया। साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष पवन मावण्डिया द्वारा अपने विश्वस्तों को कार्यकारिणी में स्थान दिलाने की चर्चाएं भी जोर पकड़ती रही।



### ज्योतिष और भाजपा नेत्री

इधर भाजपा की एक वरिष्ठ महिला नेत्री जो ज्योतिष में विश्वास रखती हैं ने नाम उजागर न करने की शर्त पर ज्योतिषीय दृष्टिकोण से भी सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि सनातन परंपरा में मलमास के दौरान किसी भी प्रकार की नियुक्ति या मंगल कार्य को शुभ नहीं माना जाता। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ज्योतिष में 36 का आंकड़ा आपसी मतभेद, टकराव और संघर्ष की प्रवृत्ति का संकेत माना जाता है, ऐसे में मलमास के दौरान 36 सदस्यों की जिला कार्यकारिणी घोषित होना संगठन के भीतर कलह और खींचतान को और बढ़ा सकता है।

## कोबरी-सार



# जलज मीणा बने असिस्टेंट प्रोफेसर

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के सामाजिक कार्यकर्ता राजनीतिक में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले ओम प्रकाश मीणा के भतीजे जलज मीणा सुपुत्र संतोष कुमार मीणा राजस्थान लोक सेवा आयोग के द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने पर एवं जनरल में दसवीं रैंक, एसटी में प्रथम रैंक हासिल करने पर राजलदेसर कस्बे में खुशी की लहर छाई हुई है। वही जलज के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर राजलदेसर युवा विकास समिति, श्री राजलदेसर गौशाला, राजलदेसर पत्रकार संघ, सामाजिक कार्यकर्ता पवन झेडू, भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव राकेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता सांवरमल खडोलिया, मांगीलाल प्रजापत नेताजी, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, पूनमचंद गर्ग, इंदर चंद देवड़ा, अशफाक बगड़, किशन मारू, सायर धोबी, भवानी सैनी, पार्षद नबी बक्स आदि ने खुशी जताई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। जलज मीणा की पत्नी प्रियंका मीणा जयपुर में चर्म रोग विशेषज्ञ है।

# गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष ओपी सोनी नहीं रहे

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। वे चार महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके पैतृक गांव अजाड़ीकलां में शुक्रवार को गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। सामूहिक विवाह हो या सामाजिक कार्यक्रम वे सभी में बढ़चढ़ कर भगीदारी निभाते थे। वे महाराजा अजमीढ़ ट्रस्ट व सावित्री जनकल्याण ट्रस्ट से भी जुड़े हुए थे। गुढ़ागौड़जी रहते हुए उन्हें दस साल पहले अध्यक्ष बनाया गया तब से वे ही इस पद का कार्यभार संभाल रहे थे। इनके निधन पर गुढ़ागौड़जी में स्वर्णकार व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस अवसर पर सभी समाज बंधुओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

# पंचायत समिति के वार्डों के गठन को लेकर ग्रामीणों में विरोध



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नवगठित बबाई पंचायत समिति के वार्डो के गठन को लेकर ग्रामीणों में विरोध का स्वर उठने लगा है। बबाई पंचायत समिति के वार्डों के पुनर्गठन को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ग्रामीणों ने आमजन के हितों के अनुसार वार्ड का पुनर्गठन करने की मांग की है। तहसीलदार सुनील कुमार को दिए ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा बबाई को पंचायत समिति बनाया गया है। बबाई पंचायत समिति के अधीन आने वाले गांवों के वार्डों का पुनर्गठन कार्य किया जा रहा है। जिसमें राजस्व गांव प्रतिभानगर ओर बख्तावर नगर को वार्ड 13 में शामिल किया जा रहा है, जबकि दोनों गांवों की सीमा वार्ड 12 से सटी हुई है। वार्ड 13 में राजस्व गांवों की जनसंख्या अधिक होने के बावजूद भी जबरन इन दोनों गांवों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वार्डों के पुनर्गठन में राजनीतिक पंहुच रखने वाले लोगों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है, जबकि मापदंड के अनुसार आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए वार्ड निर्धारित किए जाएं। दोनों गांवों की हैडक्वार्टर से दुरी भी चार किलोमीटर है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों गांव प्रतिभानगर व बख्तावर नगर को पंचायत समिति के वार्ड 12 में शामिल किया जाए। यदि प्रशासन द्वारा वार्ड 12 में शामिल नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा तथा मतदान का बहिष्कार कर दिया जाएगा। इस मौके पर ओमवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह फौजी, मंगल सिंह, रामस्वरूप सिंह, छाजुराम गुर्जर, सचिन गुर्जर, जसवंत सिंह, मदन सिंह, महेंद्र, सुरेश चंद्र, रामजीलाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# हैदराबाद में भी दिखेंगे बावलिया बाबा के चमत्कार पर्दे पर

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** परमहंस पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा की जीवन गाथा एवं चमत्कारों पर आधारित राजस्थानी फिल्म बावलियो पंडित का प्रदर्शन हैदराबाद में किया जाएगा। शशिकांत अग्रवाल व अमित मोदी ने बताया कि गणेश फाउंडेशन व चिड़ावा नागरिक परिषद के तत्वावधान में एलवी प्रसाद आई हॉस्पिटल के पास, जुबली हिल्स स्थित एक निजी थियेटर में 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे क्षितिज कुमार कृत फिल्म बावलियो पंडित पर्दे पर दिखाई जाएगी। गौरतलब है कि हैदराबाद में भी बाबा का मंदिर बनाया गया है जिसमें 23 जनवरी को मूर्ति स्थापना होगी।

# आयुर्वेद शिक्षा को नई उड़ान : सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान को डिप्लोमा इन आयुर्वेद नर्सिंग एंड फार्मेसी की मान्यता

निसं





**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब संस्थान को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग से डिप्लोमा इन आयुर्वेद नर्सिंग एंड फार्मेसी जैसे महत्वपूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी कोर्स की मान्यता प्राप्त हुई। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आयुर्वेद जगत के दिग्गज चिकित्सकों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और मीडिया प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मोहन शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य, भंवरलाल दूगड़ आयुर्वेद कॉलेज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्यामलाल सैनी, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी निर्मल कुमार शर्मा तथा संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के तिलक एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कर नए कोर्स की सफलता एवं संस्थान की उन्नति की कामना की। मुख्य अतिथि श्यामलाल सैनी ने अपने संबोधन में आयुर्वेद की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोरोना काल जैसी विकट परिस्थितियों में आयुर्वेदिक उपचार ने मानव जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद की स्वीकार्यता बढ़ रही है और ऐसे में यह कोर्स युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित होगा। शक्ति सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव रोहित सैनी एवं कोषाध्यक्ष मनोज सैनी ने वर्तमान समय में आयुर्वेद की बढ़ती मांग और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद नर्सिंग एवं फार्मेसी जैसे कोर्स कम समय में बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित आयुर्वेद चिकित्सकों डॉ अमित शर्मा, डॉ श्याम स्वामी, डॉ नितेश गौड़, डॉ कृष्ण कस्वां, डॉ नरेंद्र सोनी, डॉ नरेंद्र निर्वाण, डॉ चिरंजी दीक्षित, डॉ हरलाल कस्वा, डॉ रावता राम स्वामी, डॉ धर्मचंद स्वामी, डॉ मोहर सिंह, डॉ मोनिका सहित अन्य वैद्य एवं उपवैद्यगणों ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति पर अपने अनुभव साझा किए और इसके वैज्ञानिक व व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मोहन शर्मा ने कहा कि डिप्लोमा इन आयुर्वेद नर्सिंग एंड फार्मेसी आधुनिक समय का एक अत्यंत उपयोगी और रोजगार देने वाला कोर्स है, जो विद्यार्थियों के लिए कम समय में सफलता के अनेक द्वार खोलता है। उन्होंने आयुर्वेद शिक्षा को समाज के स्वास्थ्य के लिए रीढ़ बताते हुए संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। समारोह के समापन पर संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने सभी अतिथियों, आयुर्वेद चिकित्सकों, मीडिया बंधुओं एवं शिक्षाविदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे ही उपयोगी एवं समय की मांग वाले कोर्स प्रारंभ करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश सैनी द्वारा शहर से पधारे आयुर्वेद चिकित्सकों मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन चंदनमल सैनी कोर्स प्रभारी ने किया। इस अवसर पर डॉ लोकेश शर्मा प्राचार्य, विकास सैनी अधीक्षक, गणेश सैनी, गौतम भोजक, हनुमान मल सैनी, विनोद सेन, मोहित सैनी, एकता सैनी, मनस्वी सैनी, शिवानी सैनी, रामाकिशन जाट, मदन सांखला, मनीष सैनी, गौरी शंकर सैनी, भागीरथ मेघवाल, चंपालाल मेघवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अवैध वसूली का खेल : कैफे संचालक सहित तीन पुलिसकर्मी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध वसूली के मामले में कैफे संचालक और तीन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच के अनुसार कैफे संचालक ने अपने दोस्त से पैसे लेने के लिए पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर प्लान बनाया था। प्लानिंग के तहत पुलिस वालों ने दोस्त को डरा-धमकाकर उससे रुपए मंगवाए थे।

मामले में रुपए लेकर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध वसूली मामले में आरोपी पवन कुमार गुर्जर 36 निवासी नदबई जिला भरतपुर हाल रजत पथ मानसरोवर, बाबूलाल मीणा 40 निवासी श्यामपुरा चंदवाजी जयपुर ग्रामीण, कैलाश चन्द 37 निवासी श्रीमाधोपुर जिला सीकर और अनिल कुमार रागेरा 38 निवासी बानसूर जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पवन कुमार गुर्जर रजत पथ पर कैफे चलाता है। आरोपी बाबूलाल मीणा व अनिल कुमार रागेर मानसरोवर थाने में पुलिस कांस्टेबल और आरोपी कैलाश चन्द नारायण विहार थान का पुलिस कांस्टेबल है। जहां अवैध वसूली में भूमिका मिलने पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। रुपए लेकर भागे इनके साथी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। गौरतलब है कि मानसरोवर थाने में 31 दिसम्बर को परिवादी गोपाल सिंह गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने दोस्त योगेश पटेल के साथ उसकी थार गाड़ी में भारत माता सर्किल वाली रोड पर घूम रहा था। वहां पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रुकवाया और धमकाया कि तुम उल्टा-सीधा काम करते हो और जॉब से सस्पेंड करवा देंगे। वो रुपयों की डिमांड करने लगे। पुलिसकर्मियों ने योगेश को उसके हॉस्टल भेजकर छोटे भाई से पैसे मंगवाए। पुलिस वाले उसे अपनी गाड़ी में लेकर बैठे रहे। योगेश रुपए लेकर स्वर्ण गार्डन के सामने आया। तब दो पुलिसकर्मी उसे कहीं दूर लेकर चले गए। 20 मिनट बाद दोनों पुलिस वाले आकर बोले. हमें तेरे दोस्त ने कुछ नहीं दिया है। इसके बाद स्वर्ण पथ की तरफ घुमा कर वापस मेट्रो स्टेशन के पास लेकर खड़े हो गए। कुछ देर बाद कहा कि तेरे दोस्त योगेश से बात हो गई, हमें पैसे मिल गए। उसके बाद ऑटो रिक्शा में बैठाकर उसे छोड़ दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि परिवादी गोपाल सिंह और उसके दोस्त योगेश पटेल के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर झगड़ा चल रहा है। योगेश को पता था कि गोपाल के पास पैसे आए हुए है, जो पीजी हॉस्टल में रखे है। तब योगेश ने कैफे चलाने वाले अपने चचेरे भाई पवन कुमार गुर्जर के परिचित पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर प्लान बनाया। प्लानिंग के तहत योगेश खुद अपनी थार गाड़ी में बैठाकर परिवाद को घुमाने ले गया। नाटकीय तरीके से पीजी से पैसे लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले में फरार आरोपी की तलाश कर रही है और अवैध वसूली से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

# नर्सिंग छात्रों ने हर्षोल्लास से मनाया नववर्ष उत्सव



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नर्सिंग छात्रों ने ढूकिया हॉस्पिटल कैंपस, झुंझुनू में संचालित राजस्थान नर्सिंग परिसर में हर्षोल्लास से नववर्ष मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना व संस्थान निदेशक दयानंद ढूकिया, सुन्दर देवी, डॉ मोनिका ढूकिया, डॉ नितीन चौधरी, डॉ विजय ओला, डॉ रामनिवास स्वर्णकार, डॉ ईरफान नजीर, डॉ विवेक सिहाग के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नर्सिंग, पैरामेडिकल, आयुर्वेद के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी गयी।

परिसर को रंगोली, आकर्षक गुब्बारों एवं सजावटी सामग्री से सजाया गया, जिससे वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं आनंदमय बन गया।

उपस्थित अतिथियों ने नववर्ष पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक मूल्यों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने नववर्ष 2026 के लिए सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धूमधाम से मनाया भामाशाह व समाजसेवी युवा साधक अग्रवाल का जन्मदिन



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जीवन ज्योति रक्षा समिति व गौ रक्षा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा कस्बे के समाजसेवी, भामाशाह व लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल का 77वां जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। अग्रवाल बालिका शिक्षा, चिकित्सा सेवा, गौ रक्षा, गरीब बालिकाओं की शादी जैसे सामाजिक कार्यों में खुद भी और दूसरों से सहयोग करवाने में हमेशा अग्रणी रहते है। समाजसेवी अग्रवाल कस्बे की सामाजिक संस्था जीवन ज्योति रक्षा समिति के संरक्षक व गौ रक्षा सेवा समिति से भी जुड़े हुए है।

इमरजेंसी के समय सज्जन अग्रवाल तीन बार देश के लिए जेल भी जा चुके जिसके लिए सरकार इन्हें मीसा कैदी मानते हुए पेंशन दे रही है। गुरूवार को जिला व्यापार संघ अध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, विनोद खेतान, प्राचार्य डॉ रवि शर्मा, अनिल अनमोल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, बलवान भास्कर, ओमप्रकाश कौशिक, अशोक जांगिड़, सज्जन वर्मा, रविन्द्र सांगवान, रमेश सैनी, जितेन्द्र कोठारी, बालमुकुंद छपड़िया, संदीप शर्मा ने केक काटकर युवा साधक अग्रवाल का जन्मदिन मनाते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।

इस मौके पर जीवन ज्योति रक्षा समिति व गौ रक्षा सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पाठक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन में शिक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम निर्णय लेते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं समाजसेवी सीनियर पत्रकार ब्रजेश पाठक को शिक्षा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह ने बताया कि बृजेश पाठक पिछले लगभग 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रहकर जरूरतमंद और वंचित बच्चों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

उन्हें शिक्षा व्यवस्था की जमीनी समस्याओं, गरीब बच्चों की चुनौतियों और उच्च शिक्षा तक पहुँच की बाधाओं का गहरा अनुभव है। इसी को देखते हुए उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग चमन कंवर ने बताया कि बृजेश पाठक पिछले 15 वर्षों से संगठन से जुड़े हुए हैं और उन्होंने निस्वार्थ भाव से मानव सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण सराहनीय है। संगठन ने विश्वास जताया कि ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में शिक्षा प्रकोष्ठ विशेष रूप से पूरे देश के पिछड़े क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा, स्कॉलरशिप और उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बेडशीट गोदाम में भीषण आग, लाखों का माल जलकर खाक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संजय सर्किल थाना इलाके में गुरुवार देर रात एक बेडशीट गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि धुएं के गुबार और लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड को मौके तक पहुंचने का सीधा रास्ता नहीं मिलने के कारण आग बुझाने के लिए दूसरी इमारत पर चढ़कर कार्रवाई करनी पड़ी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हो गया। संजय सर्किल थानाधिकारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि सीकर हाउस कपड़ा मार्केट स्थित एक इमारत की तीसरी मंजिल पर दिनेश मोहन का बेडशीट का गोदाम है। गुरुवार देर रात अचानक गोदाम में आग लग गई। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर संजय सर्किल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत बनीपार्क व घाटगेट फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचे, लेकिन संकरी गलियों और रास्ते की कमी के कारण दमकल वाहन सीधे गोदाम तक नहीं पहुंच सके। इसके बाद हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड सहित दमकल कर्मियों ने दूसरी बिल्डिंग पर चढ़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन गोदाम में रखा कपड़ा और अन्य सामान पूरी तरह जल गया। जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बुगालिया ने अपना कर्म गौ चिकित्सालय में गायों को खिलाए केले व गुड़

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** निवर्तमान पंस सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया ने सौन्थली स्थित अपना कर्म गौ चिकित्सालय में नववर्ष मनाया। उन्होंने गौशाला आकर असहाय गौमाताओं को गुड़ और केले खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने गौ सेवार्थ गुड़ के कार्टून भेंट किए। गौ चिकित्सालय के अरविंद अग्रवाल व सदस्यों ने उनका सम्मान किया गया। अग्रवाल ने कहा कि जन्मदिन, विवाह या कोई भी मांगलिक अवसर गौ चिकित्सालय में आकर मनाना पुण्य और प्रेरक कार्य है। यह न केवल गौ माता की सेवा है बल्कि समाज में सेवा, भक्ति और सद्भावना का संदेश भी है। इस मौके पर हव. रमेश बुगालिया, फूलचंद, कपिल कुमावत, मोतीलाल शर्मा, हीरालाल बुगालिया, चेतराम कुमावत, जगदीश बुगालिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।


**Office Of The Gram Panchayat Bhawathari P.S. Surajgarh (JJN)**

Sr.no: 202 Date:-02-01-2026

Open Tender For Various Works In Gram Panchayat Bhawthari Raj Rules 181

NIB Code: ZJU2526A0632
UBN CODE:-ZJU2526WSRC01126

For More Details visit www.sppp.rajasthan.gov.in Website

**Administrator**
Gram Panchayat Bhawathari
Panchayt Samiti Surajgarh

**Village Dev. Officer**
Gram Panchayat Bhawathari
Panchayt Samiti Surajgarh

## कविता पाठ का आयोजन कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गीतकृगजल और कविता पाठ के कार्यक्रम सम्मुख में चार जनवरी को कविता पाठ किया जाएगा। यह आयोजन कांस्टीट्यूशन क्लब में किया जाएगा। ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के प्रमोद शर्मा ने बताया कि रविवार को भोपाल से संगीता गुंदेचा, जबलपुर से बाबुषा कोहली और शिमला से श्वेता मिश्रा इस कार्यक्रम में कविता पाठ के लिए जयपुर आ रही हैं। इसी अवसर पर बाबुषा कोहली के हाल ही में प्रकाशित कविता संग्रह सत्य मधुमक्खी का छत्ता है और किशन प्रणय के उपन्यास ष्मालवा डायरी का विमोचन भी किया जाएगा।

यह कार्यक्रम राजस्थान फोरम के सहयोग से आयोजित किया जाता है। किशन प्रणय समकालीन हिन्दी, राजस्थानी और मालवी साहित्य के उभरते हुए युवा कवि, उपन्यासकार एवं साहित्यकार हैं। मूलत: कोटा के रहने वाले किशन प्रणय बहुभाषिक रचनात्मकता के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। हिंदी में 4 काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। राजस्थानी में 3 काव्य और 1 व्यंग्य संग्रह का लेखन किया है।

उपन्यास मालवा डायरी में वहां के भूगोल के साथ लोक और जीवन का भी लेखन है। बाबुषा कोहली का पहला कविता संग्रह प्रेम गिलहरी 2014 में भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित व पुरस्कृत हुआ है। श्बावन चिट्ठियाँ 2018 रजा पुस्तक माला के अन्तर्गत प्रकाशित व वागीश्वरी पुरस्कार से सम्मानित तथा कविता संग्रह लौ 2025 शब्द शिल्पी पुरस्कार से सम्मानित है। श्वेता मिश्रा मूलत: हिमाचल प्रदेश से ताल्लुक रखती हैं। वह लेखिका तथा मोटिवेशनल स्पीकर एवं सोशल एक्टिविस्ट भी है। वर्तमान में केनरा बैंक शिमला में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक है। संगीता गुन्देचा बहुत ही प्रतिभाशाली कथाकार, कवयित्री, अनुवादक और निबंधकार है। उनकी पुस्तकें पडिक्कमा, एकान्त का मानचित्र प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके साथ ही उन्होंने उदाहरण काव्य प्राकृत-संस्कृत कविताओं के हिन्दी अनुवाद, मटमैली स्मृति में प्रशान्त समुद्र जापानी कवि शुन्तारो तानीकावा की कविताओं के हिन्दी अनुवाद, नाट्यदर्शन कावालम् नारायण पणिक्कर, हबीब तनवीर और रतन थियाम से संवाद, कावालम् नारायण पणिक्कर: परम्परा एवं समकालीनता, भास का रंगमंच, समकालीन रंगकर्म में नाट्यशास्त्र की उपस्थिति, टोट बटोट उर्दू लेखक सूफी तबस्सुम की नज्मों का सम्पादन किया है।

## शेखावत ने नेशनल राइफल शूटिंग में रचा इतिहास

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कहना आसान है, लेकिन कर दिखाना बेहद चुनौतीपूर्ण-और इसी चुनौती को साकार कर दिखाया है मरुभूमि उड़सर की माटी में पले-बढ़े होनहार निशानेबाज मानवेंद्र सिंह शेखावत ने। भोपाल ;मध्य प्रदेशद्ध में आयोजित 68वीं नेशनल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मानवेंद्र ने ऐसा कीर्तिमान स्थापित कियाए जो अब तक अकल्पनीय माना जा रहा था। मानवेंद्र सिंह शेखावत, पुत्र किशन सिंह शेखावत ने राइफल शूटिंग 50 मीटर थ्री पोजशिन जूनियर वर्ग में अब तक के सभी राष्ट्रीय रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए सबसे अधिक स्कोर अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मानवेंद्र ने अलग-अलग वर्गों में कुल पांच पदक अपने नाम किए। इनमें जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल, सीनियर वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल और टीम इवेंट में तीन पदक शामिल हैं। गौरतलब है कि मानवेंद्र इससे पहले भी जर्मनी और कजाकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय शूटिंग टीम का प्रतिनिधित्व कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। नेशनल प्रतियोगिता में बना यह नया रिकॉर्ड उनके धैर्य, कठिन परिश्रम और अटूट लगन का प्रतिफल है।

मानवेंद्र ने बताया कि यह उपलब्धि दादा स्व. रामसिंह शेखावत के नाम है। मानवेंद्र माता-पिता और परिवारजनों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए उन्होंने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। युवा विचार मंच उड़सर लोडेरा सहित क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने मानवेंद्र को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्वल मंगलकामनाएं की हैं।

## इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में प्रिंस को रिकॉर्ड 481 मेडल्स

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 481 मेडल्स हासिल किए हैं। विद्यार्थी अविका जैन, लोकेश व शौर्य चौधरी प्रत्येक को थर्ड इंटरनेशनल रैंक के साथ इंटरनेशनल ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ है। इसी तरह 2 जोनल ब्रॉन्ज मेडल, 164 गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन एवं 312 गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस सहित कुल 481 मेडल प्राप्त हुए हैं। इस ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स में अंग्रेजी भाषा की दक्षता व समझ का आकलन करना है।

इस अवसर पर चैयरमेन डॉ. पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्रिंस एजुहब स्कूलिंग के साथ-साथ स्टूडेंट्स को एसटीएसईए सीयूईटीए जेट-आईसीएआरए क्लेट, सीए फाउंडेशन व विभिन्न इंटरनेशनल ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी हेतु प्रतिबद्ध है। संस्थान निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, चैयरमेन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन सहित प्रबंधक सदस्यों व फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

# प्लास्टिक मुक्त राजस्थान की दिशा में बर्तन बैंक योजना

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार बर्तन बैंक योजना एक अभिनव एवं जनहितकारी पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों में एकल-उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग को कम करना तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाना है।

### जिले की 21 ग्राम पंचायतों में बने बर्तन बैंक

प्रदेश सरकार की बर्तन बैंक योजना अंतर्गत जिले की 21 ग्राम पंचायतों प्रत्येक ब्लॉक से 03 ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक स्थापित किए गए हैं। योजना अंतर्गत जिले की तारानगर ब्लॉक की बूचावास, सात्यूं, राजपुरा, सरदारशहर ब्लॉक की मेहरासर उपाधियान, बुकनसर बड़ा, उड़सर लोडेरा, सुजानगढ़ ब्लॉक की जैतासर, सालासर, गोपालपुरा, चूरू ब्लॉक कर आसलखेड़ी, सिरसला, घांघू, बीदासर ब्लॉक की चाड़वास, लालगढ़, सांडवा, रतनगढ़ ब्लॉक की पड़िहारा, गोगासर, लाछड़सर तथा राजगढ़ ब्लॉक की कालरी, ददरेवा व सिद्धमुख ग्राम पंचायत बर्तन बैंक स्थापित किए गए हैं।

### यह है बर्तन बैंक की कार्यप्रणाली

ग्राम पंचायतों में स्थापित बर्तन बैंकों में विभिन्न प्रकार के स्टील के बर्तन जैसे प्लेट, चम्मच, गिलास, कटोरी आदि के सेट उपलब्ध करवाए गए हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत गांव स्तर पर बैंक के रूप में रखा गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु बर्तन के न्यूनतम 400 सेट उपलब्ध होंगे। प्रत्येक सेट में 01 प्लेट, 03 कटोरी, 01 चम्मच एवं 01 गिलास आदि कुल 06 बर्तन होंगे, जिस पर ग्राम पंचायत नाम ग्राम पंचायत बर्तन बैंक, स्वच्छ भारत मिशन की मार्किंग की गई है।

बर्तन बैंक में बर्तनों को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं प्रदर्शित करने के लिए एक रैक की व्यवस्था की गई है। बर्तन बैंक खुलने व जनभागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो रहा है।

### उद्देश्य और पृष्ठभूमि : पर्यावरण चुनौती का सामना और पर्यावरण संरक्षण

वर्तमान में सामाजिक कार्यक्रमों व रोजमर्रा के कार्यों में प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए चुनौती बनकर खड़ा हो गया है। प्लास्टिक कचरा पर्यावरण प्रदूषण, मानव स्वास्थ्य और पशु जीवन के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। विशेषकर विवाह, भोज, मेलों और सामूहिक आयोजनों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक प्लेट, गिलास एवं चम्मच का उपयोग होता है, जो बाद में कचरे के रूप में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। इसी समस्या के समाधान हेतु राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग को कम करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाते हुए बर्तन बैंक स्थापित किए गए हैं। इस हेतु प्रथम चरण में प्रदेश में एक हजार ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रुपए के बर्तन उपलब्ध करवाए गए हैं। गौरतलब है कि प्लास्टिक उत्पाद रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न अंग बन गए है, जिसके परिणामस्वरूप प्लास्टिक की खपत बढ़ गई है। प्लास्टिक से होने वाली बीमारियों के कारण प्रतिवर्ष लाखों लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है। प्लास्टिक कचरा देश के ग्रामीण इलाकों में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती के रूप में भी उभरा है। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में बर्तन बैंक का उपयोग एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा प्लास्टिक मुक्त गांव करने के लिए अनेक प्रयासों के अन्तर्गत बर्तन बैंक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली सरकारी बैठकों, व्यक्तिगत सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि में उपयोग होने वाले प्लास्टिक डिस्पोजल के स्थान पर स्टील के बर्तनों के उपयोग से प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाई जाकर इसके उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को कम किया जा सकेगा।

# देवासर माइनर पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप, किसानों में भारी आक्रोश

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में देवासर माइनर के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाते हुए किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी को लेकर आक्रोशित किसान शुक्रवार को सरदारशहर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि जब उन्होंने माइनर में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने का विरोध किया, तो संबंधित अधिकारी और ठेकेदार किसानों पर ही झूठे मुकदमे दर्ज करवा रहे हैं। इस कार्रवाई से किसानों में रोष और बढ़ गया है। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसान पिछले छ दिनों से गांव में धरना दे रहे हैं। आज किसानों द्वारा सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का घेराव कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसे लेकर प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। किसान नेता रामकृष्ण छींपा ने बताया कि देवासर माइनर में मानकों को दरकिनार कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जब किसानों ने इसकी शिकायत ठेकेदार से की तो उल्टा किसानों के खिलाफ ही थाने में राजकार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। वहीं किसान नेता महावीरप्रसाद कुल्डिया और साँवरमल मेघवाल ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और माइनर का निर्माण उत्तम गुणवत्ता की सामग्री से दोबारा नहीं किया जाता, तब तक किसानों का आंदोलन और अधिक तेज किया जाएगा। किसानों के आंदोलन और उपखण्ड कार्यालय घेराव को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर रहा। इस दौरान किसान नेता भगवानराम जाखड़, किसान नेता रूपचंद सारण, रामकरण भाम्भू मोतीलाल स्वामी, महावीर कुलहरी, भजनलाल, लालचंद चौधरी, लालचंद वेद, राजेंद्र सारण, नरेश सारण सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जसवंतनगर को बाडलवास पंचायत में जोड़ने का विरोध



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के राजस्व गांव जसवंतनगर को बाडलवास पंचायत में शामिल करने पर ग्रामीणों में विरोध पनप रहा है। इस दौरान शुक्रवार को ग्रामीणों ने तहसीलदार सुनील कुमार को ज्ञापन देकर काली पहाड़ी पंचायत में शामिल करने की मांग की है। ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि प्रशासन द्वारा राजस्व गांव जसवंतनगर के वार्ड 15 को बाडलवास के वार्ड 16 में शामिल करने की प्रक्रिया की गई है। बाडलवास से जसवंतनगर की दूरी करीब 10 किलोमीटर है, जबकि काली पहाड़ी के सरकारी कार्यालय मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर ही। राजस्व गांव जसवंतनगर व बाडलवास पंचायत के बीच वन क्षेत्र अधिक होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा बाडलवास जाने के लिए सड़क मार्ग भी पूर्ण रूप का नहीं है। जसवंतनगर को राजनीतिक कारण के चलते बाडलवास के वार्ड 16 में शामिल कर ग्रामीणों के सामने परेशानी उत्पन्न करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके सामने आने वाली समस्याओं को देखते हुए जसवंतनगर के वार्ड 15 को काली पहाड़ी में रखा जाए। उन्होंने बताया कि यदि बाडलवास में शामिल किया गया तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा तथा मतदान का बहिष्कार कर दिया जाएगा। इस मौके पर करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी, राजेश निर्वाण, विक्रम, विजय सिंह, सुमेर सिंह, बंशीधर, अजय सिंह, सज्जन सिंह, मनोज सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# साहित्यकार टीसी प्रकाश की जयंती पर चिकित्सा शिविर आयोजित

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के शिमला गांव में शुक्रवार को साहित्यकार टीसी प्रकाश की जयंती पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज गुप्ता, इंजी संदीप नेहरा थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रामानंद शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने साहित्यकार टीसी प्रकाश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उर्जा मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि कहा कि जन सेवा से बड़ा कोई धर्म नही होता।

ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। चिकित्सा क्षेत्र मानवता की सेवा का सबसे बड़ा संस्थान माना गया है। जब कोई व्यक्ति पीड़ा लेकर डॉक्टर के पास आता है और डाक्टर व स्टाफने उसकी पीड़ा को समझ कर सेवा की तो वह बहुत भी बेहतर होता है। मानवता की सेवा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को तत्पर होकर सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। डॉ. चमनदीप ने कहा कि वर्तमान समय में व्यस्तता के कारण मनुष्य स्वास्थ्य पर पूर्ण रूप से ध्यान नहीं दे पाते है, जिसके चलते उन्हें गंभीर बिमारियों से ग्रस्त होना पड़ रहा है। वर्तमान समय में लोग अनेक बीमारियों से पीड़ति हो रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। भागदौड़ भरी जिंदगी व कार्य की व्यस्तता के चलते लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते है। पहले तो बिमारी का पता नहीं लग पाता। इसके बाद जब वह गंभीर होती है तो कुछ लोग नज़र अंदाज कर देते है। जिसके बाद लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए तथा किसी प्रकार की बिमारी होने पर समय पर उपचार करवाना चाहिए। वही योग करके शरीर में होने वाली बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है। इस दौरान शिविर में 500 मरीजों को उपचार किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला यादव, उमेश शर्मा, सिंघाना पालिका चेयरमैन विजय पांडे, केसी पांडे, ओमप्रकाश बोहरा, टीना कटारिया, आचार्य अभिमन्यु शर्मा, अनिल शर्मा, गोकुलचंद सैनी, राजेश गाडराटा, ठाकुर सिंह, मोहनलाल, दिनेश सांखला, डॉ. जितेंद्र, डॉ मयंक, डॉ. सरीता, मनोज मित्तल, धर्मपाल, सरजीत स्वामी, निकेश पारीक, मोहित सक्सेना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया मिजमानी महोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** समाज श्री सीताराम जी की ओर से शुक्रवार को मोतीलाल अटल रोड स्थित झालानी निवास पर मिजमानी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रामबाबू झालानी, केदारमल झालानी, शंकर झालानी, सत्यनारायण झालानी ने आगतुंकों का स्वागत किया। सतगुरु भवन के महंत भरत शर्मा ने ठाकुरजी को सिंहासन पर बैठाकर फुलों से श्रृंगार किया। समाज के रामगोपाल बूसर, राम शरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार, प्रदीप सेठी, रमेश बिजली वाले, महेश भगत मनीष भुखमारिया, रमेश बाईजी वाले, सतीश शर्मा, अवधेश रमेश डंगायच, श्रीरीष, अंकेश, आयुष ने मिजमानी महोत्सव तहत मीठी-मीठी गारियां सुनाई। आवो आवो जी सियावर पांवणा, सियावर को रुप निहारो, मिजमान पधारां अवध से, बना ताखी छबी पर वारा हीरा मोती लाल, जैसे पद सुनाए। समाज के लोगों ने पदगायन किया। मिथिला की सखियां उर्मिला, आशा देवी, इंदू, नूपुर, गीतिका, पूजा, बिगुल, कोमल, गीता, मोनिका, मंजिति, मनीषा, सुहानी, चीनू, स्वेता ने पांवणा का स्वागत किया। ठाकुरजी को मूंग, बादाम का हलवा, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, कोफ्ता, काजू कतली, सब्जी, आलू-मटर का भोग लगाकर ठाकुर को रिझाया। मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि शनिवार को मिजमानी महोत्सव रामशरण हल्दिया के निवास टैगोर पथ नेहरू नगर पानीपेच झोटवाड़ा रोड़ पर मनाया जाएगा।

## पौषबड़ा महोत्सव आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी में हर साल की भांति इस बार भी नववर्ष के उपलक्ष्य पर पत्रकार कॉलोनी स्थित बद्रीश्वर महादेव मंदिर में शनिवार दोपहर 3 से 5 बजे तक पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मंदिर परिसर में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसके पश्चात मंदिर प्रांगण में सवा 5 से 8 बजे तक पौष बड़ा पंगत प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

पौष बड़ा प्रसादी से पूर्व प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज को भोग अर्पण करने के पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम शुरु होगा।

## तंबाकू उत्पादों पर सख्ती का स्वागत : नशा मुक्ति को मिलेगा बल



**जयपुर ( नवयत्न )।** केन्द्र सरकार द्वारा तंबाकू, गुटखा, जर्दा और पान मसाला जैसे उत्पादों पर एक फरवरी से अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, स्वास्थ्य उपकर लागू करने तथा निर्माताओं के लिए सीसीटीवी व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्णय का प्रदेश में व्यापक स्वागत किया है। प्रदेश में कार्यरत विभिन्न नशा मुक्ति संगठनों ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। केन्द्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार तंबाकू उत्पाद निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे और 24 महीने तक फुटेज सुरक्षित रखनी होगी।

साथ ही तंबाकू और पान मसाला पर लगाया जाने वाला नया अतिरिक्त उत्पाद शुल्क एवं स्वास्थ्य उपकर मौजूदा जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा। यह कर 40 प्रतिशत जीएसटी बीड़ी के मामले में 18 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा। प्रदेश में नशा उन्मूलन के क्षेत्र में सक्रिय प्रदेश नशा उन्मूलन समिति के सचिव धर्मवीर कटेवा ने केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने और निगरानी कड़ी करने से इनके सेवन में निश्चित रूप से कमी आएगी। उन्होंने कहा कि तंबाकू और गुटखा जैसे उत्पाद समाज और युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं। करों में वृद्धि और सख्त निगरानी से इनकी उपलब्धता और खपत दोनों पर असर पड़ेगा।

# वार्डों की पुनर्गठन सूची को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** उपखंड के चंवरा चौफुल्या में गुरुवार को आठ गांवों के ग्रामीणों ने युवा नेता आनंद सिंघानिया व मूलचंद सैनी पूर्व सरपंच के नेतृत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जो हाल ही में जारी की जिला परिषद वार्डों की पुनर्गठन सूची जिसको लेकर ग्रामीणों ने चौफुल्या बाजार के चौराहे पर मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकालकर पुतला फुंका और भाजपा सरकार व उदयपुरवाटी पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने जिला परिषद के वार्डों को तोड़कर इधर-उधर जुड़वाया गया है। पौख के पूर्व सरपंच मूलचंद सैनी ने बताया कि भाजपा के नेता ने हमारे आठों गांवों के भाईचारे को तोड़ने का काम किया है। हम मिल जुल कर रह रहे थे। जो इस तरह की राजनीति और काम किया तो हम आपको वार्ड पंच भी नहीं बनने देंगे और किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। युवा नेता आनंद सिंघानिया ने बताया कि हमारे वार्ड बागोली से चंवरा तक एक ही वार्ड था। जिसके चलते पूर्व विधायक ने तीन टुकड़े करवा दिए। ककराना पंचायत को चारावास के साथ जोड़ दिया गया। किशोरपुरा को टोडी के साथ, खौह मणकसास को कोट पंचायत के साथ जोड़ दिया गया जो सरासर गलत है। मोहनलाल सैनिक किशोरपुरा ने कहा कि अगर वार्डों की जनसंख्या ज्यादा या काम हो रही थी तो कोई भी साइड से एक दो पंचायत दूसरे वार्ड में जोड़ देते लेकिन वार्ड के तीन टुकड़े कर दिए। भाजपा सरकार समय रहते हुए वार्डों को फिर से यथावत रखने का काम करें। अन्यथा उग्र आंदोलन के साथ विरोध प्रदर्शन व चक्का जाम होगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में भरत कटारिया ककराना, विक्रम गुर्जर, बंटी सैनी किशोरपुरा, राजकुमार सैनी चंवरा, छात्र नेता विकास सैनी, विक्की सैनी, छोटेलाल सैनी कालाकांकरा, भोलाराम वार्ड पंच चंवरा, ईशान लुनीवाल पौख, दिलीप कुमार, विकास सैनी, मानसिंह, ढ़ोलुराम, मोहनलाल, जयराम सैनी दीपपुरा, राकेश कुमार, हंसराज, सांवरमल, प्रहलाद राय सैनी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## आम सूचना

मैं रघुवीर सिंह पुत्र पीथाराम जांगिड़ जाति खाती निवासी वार्ड नं 15 राजगढ़ रोड़ पिलानी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनूं राज.। यह कि मेरे पिताजी पीथाराम जांगिड़ के पक्ष में खनन पट्टा वास्ते खनिज चेजा पत्थर निकटग्राम पिलानी पहाड़ी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनूं राजस्थान में एम.एल. 198/96 अवधि दिनांक 20.06.1977 से 50 वर्ष के लिये स्वीकृत है। यह कि मेरे पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 20.07.2025 को हो गया है। मेरे पिताजी के स्वर्गवास के उपरान्त यदि उक्त खनन पट्टा का नामान्तरण मेरे पक्ष में स्वीकृत होता है तो इसमे अन्य किसी भी वारिसान को कोई आपति नहीं है। यह मेरे नाम से कोई खनन पट्टा/क्वारी लाईसेंस/ठेका स्वीकृत/प्रभावशील नहीं है व मेरे परिवार के सदस्य दुर्गाप्रसाद जांगिड़ के नाम से खनन पट्टा संख्या 12/95 वास्ते खनिज चेजा पत्थर पिलानी पहाड़ी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनूं राजस्थान में प्रभावशील है इसमें अलावा मेरे व मेरे परिवार के नाम से अन्य कोई खनन पट्टा/क्वारी लाईसेंस/ठेका स्वीकृत/प्रभावशील नहीं है। यह कि मैं व मेरे परिवार का कोई सदस्य किसी भी खनन पट्टा/क्वारी लाईसेंन्स/ठेका स्वीकृत/प्रभावशील में भागीदार नहीं है। यह कि मेरे नाम से व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से खनिज विभाग राजस्थान सरकार की कोई बकाया नहीं है।

## सम्पादकीय

# जानलेवा जल, इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत

देश के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत हो जाना बहुत ही आघातकारी और शर्मनाक घटना है। यह स्वच्छता के मानकों पर सवाल खड़े करने के साथ ही नगर निगम के नाकारापन को बयान करने वाली एक ऐसी घटना है, जो देश की छवि भी मलिन कर रही है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल की आपूर्ति इसलिए जानलेवा साबित हुई, क्योंकि सीवर की गंदगी पीने की पाइपलाइन में चली गई और फिर वह घरों तक पहुंच गई। यदि दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर तत्काल ध्यान दिया गया होता तो इस भयावह त्रासदी को रोका जा सकता था, लेकिन जैसा कि अपने देश में होता है, गंदी जलापूर्ति की शिकायतों पर तब तक ध्यान नहीं दिया गया, जब तक लोग मरने नहीं लगे। 14 लोगों की मौत और एक हजार से अधिक लोगों के बीमार होने और इनमें से सौ से ज्यादा लोगों के अस्पताल में भर्ती होने से यह सहज ही समझा जा सकता है कि कितने अधिक जहरीले जल की आपूर्ति हो रही थी।

यह आपूर्ति इंदौर के उस इलाके में हो रही थी, जो नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का निर्वाचन क्षेत्र है और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग उनके ही मंत्रालय के तहत आता है। जब मंत्री महोदय से इस हत्यारी लापरवाही पर सवाल किए गए तो उन्होंने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए ऐसे सवालों को फोकट का बता दिया। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि चौतरफा आलोचना से घिरने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने खेद जता दिया, क्योंकि उनकी वह संवेदनहीनता तो प्रकट हो ही गई, जो ऐसी घटनाओं का कारण बनती है। यह भी संतोषजनक नहीं कि इंदौर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि एक तो निलंबन कोई सजा नहीं और दूसरे, इसमें संदेह है कि ऐसे उपाय किए जा सकेंगे, जिससे फिर कभी दूषित जलापूर्ति न हो सके। यह समझा जाए तो अच्छा कि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति केवल इंदौर नगर निगम को ही सुनिश्चित नहीं करनी, क्योंकि देश में आम तौर पर पेयजल की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं। इसका प्रमाण यह है कि लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ आदि का सहारा लेना पड़ता है या फिर पीने का पानी खरीदना पड़ता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि एक ओर जहां पेयजल की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी होती है, वहीं दूसरी ओर और टूटी-फूटी पाइपलाइनों की सुधि मुश्किल से ही ली जाती है। इसका परिणाम यह है महानगरों तक में गुणवत्ताहीन पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके चलते प्रति वर्ष टाइफाइड, हेपेटाइटिस और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के लाखों मामले सामने आते हैं।

## विशेष आलेख

# अस्तित्व संकट के बीच पारिवारिक एकता का राग

**चाहे ठाकरे परिवार हो या फिर पवार कुनबा, दोनों में कुछ समानताएं हैं। शरद पवार हों या बाल ठाकरे, एक दौर में दोनों की महाराष्ट्र की राजनीति में तूती बोलती थी। पिछली सदी के आखिरी दशक में तो राजनीतिक हलके का एक बड़ा हिस्सा शरद पवार को देश का भावी प्रधानमंत्री तक मानने लगा था। इसी तरह महाराष्ट्र के टाइगर के रूप में बाल ठाकरे की ख्याति रही। दोनों ही राजनीतिक खानदानों के मुखिया का स्वाभाविक उत्तराधिकारी दोनों के भतीजे ही माने जाते थे। एक दौर तक शरद के उत्तराधिकारी के तौर पर देश और प्रदेश अजित पवार को देखता था।**

राजनीति के बारे में कहा जाता है कि यहां कोई न तो स्थायी दोस्त होता है और ना ही कोई स्थायी दुश्मन। राजनीति में ऐसे कम ही उदाहरण मिलेंगे,जहां दोस्ती के मूल में दिल का रिश्ता होता है। गौर से देखें तो संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों की बुनियाद पर पर दोस्ती या दुश्मनी के रिश्ते आगे बढ़ते हैं। महाराष्ट्र के दो राजनीतिक परिवारों के मिलन को भी इसी अंदाज और संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राज्य का पवार परिवार हो या फिर ठाकरे कुनबा, अगर एक होता नजर आ रहा है या एक हुआ है तो इसका मतलब यह नहीं है कि दोनों परिवारों के प्रमुख अलंबरदारों के दिल मिल चुके हैं। बल्कि राजनीतिक संभावनाओं और अवसरों ने उन्हें एक होने को प्रेरित किया है।

इसी तरह शिवसैनिक भी बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे को अगली पीढ़ी का ठाकरे सीनियर मान चुका था। लेकिन जब उत्तराधिकार सौंपने की बारी आई तो पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले पर भरोसा जताया और बाल ठाकरे ने अपने छोटे बेटे राज ठाकरे को। ऐसे हालात में अजित और राज ठाकरे को अपना भविष्य चुनौतीपूर्ण लगा, राजनीतिक संभावनाएं कम होती दिखीं तो दोनों ने अपनी राह अलग कर ली। उन्नीस साल पहले राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली तो अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के मूल धड़े पर ही कब्जा कर लिया। पार्टी के असल संस्थापक शरद पवार पुछल्ला पार्टी लेकर एक तरह से किनारे का दल संभालने लगे।

पवार परिवार और ठाकरे कुनबे में बिखराव की कहानी भी अलग-अलग रही। जब तक बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे अपनी शिवसेना को बीजेपी के साथ खड़ा रखे, तब तक तो उनके नेतृत्व को चुनौती नहीं मिली। दल का राज्य में ठीकठाक समर्थन भी रहा। हालांकि महत्वाकांक्षाओं के साथ अलग हुए राज ठाकरे को राजनीतिक सफलताएं न के बराबर मिलीं। लेकिन जब से उद्धव ने बीजेपी को छोड़ कांग्रेस और पवार की एनसीपी का साथ पकड़ा, राजनीतिक मैदान में उसका आधार घटने लगा। वहीं पवार सीनियर से अलग होने के बावजूद बीजेपी के साथ के चलते अजित का राजनीतिक रूतबा कम नहीं हुआ। अलबत्ता कभी भारत के प्रधानमंत्री मैटेरियल देखे जाते रहे वरिष्ठ पवार की सियासी साख घटती चली गई। कुनबे में बिखराव के चलते दोनों परिवारों की राजनीतिक ताकत बीजेपी के सामने बौनी होती जा रही है। एक तरह से कह सकते हैं कि दोनों परिवारों के राजनीतिक अस्तित्व पर ही सवाल उठने लगा है।

एक कहावत है, मरता क्या नहीं करता। राजनीतिक अस्तित्व पर जब बन आती है तो कम ही सियासी



हस्तियां होती हैं, जो समझौते नहीं करतीं। इसे समझदारी कहें या फिर राजनीति की रवायत, ठाकरे परिवार और पवार कुनबा-दोनों ही एक होने जा रहे हैं। पारिवारिक बिखराव को समेटने की कोशिश तेज हो गई है। ठाकरे बंधु तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके एक हो चुके हैं, जबकि पवार परिवार अपने गढ़ बारामती में एक होने का संकेत दे रहा है। बारामती में हाल ही में पवार परिवार ने एक आयोजन किया, जिसमें आज के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी के मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। इसे पवार कुनबे ने खूब प्रचारित किया। इस प्रचार का संदेश साफ है कि दोनों परिवार एक होने जा रहे हैं।

चाहे ठाकरे कुनबा हो या फिर पवार परिवार, अगर दोनों एक हो रहे हैं तो उसकी सिर्फ अस्तित्व की रक्षा भी नहीं है, बीजेपी रूपी चुनौती से पार पाना भी है और मुंबई महानगर पालिका, पुणे महानगर पालिका और पिंपरी चिंचवड़ महानगर पालिका पर कब्जे की चाहत भी है। मुंबई महानगर पालिका का सालाना बजट सत्तर हजार करोड़ रूपए का है। यह रकम उत्तर पूर्व के राज्यों के समूचे बजट से भी ज्यादा बैठती है। पिंपरी-चिंचवड़ महानगर पालिका के दायरे में एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। जाहिर है कि यहां से कर के रूप में मोटी रकम आती है। ठाकरे परिवार की एकता के पीछे एक कारण जहां बृहन्नमुंबई महानगर पालिका पर कब्जा जमाना है, वहीं पवार परिवार की एकता के पीछे पुणे महानगरपालिका और पिंपरी-चिंचवड़ महानगर पालिका पर कब्जा जमाना है। दोनों परिवारों को लगता है कि अगर वे बिखरे रहे तो उनके प्रभाव वाली महानगरपालिकाओं में उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगेगा। यहां यह बताना जरूरी है कि एक दौर में बीएमसी पर शिवसेना का कब्जा रहता था तो पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में पवार परिवार का। दोनों परिवारों के मिलन के पीछे की बड़ी वजह यही है।

भारतीय जनता पार्टी का इतिहास देखिए, अपने विस्तार के पहले चरण में वह अपने साथी दलों के सहयोग पर निर्भर रही। बाद के दौर में उसने खुद का प्रभाव बढ़ाया और अपने दम पर वह स्थापित होती चली गई। हरियाणा, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात के बाद अब इसी तरह वह महाराष्ट्र में वह अपने दम पर उभर चुकी है। जबकि कुछ साल पहले तक महाराष्ट्र में एक तरह से शिवसेना के छोटे भाई की भूमिका में रहती थी। अब चाहे शिवसेना का टूटा हुआ धड़ा हो या अजित पवार वाली एनसीपी, दोनों उसके छोटे भाई की भूमिका में हैं। जिस तरह निकाय चुनावों में बीजेपी ने अपना दबदबा कायम किया है, उससे पवार परिवार की भी चिंताएं बढ़ी हैं और ठाकरे खानदान की भी। इसीलिए दोनों परिवार एक हुए हैं या होते नजर आ रहे हैं। पवार परिवार अब एक साथ पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ के चुनाव में उतरने जा रहा है तो ठाकरे परिवार मुंबई में। लेकिन यह तय है कि दोनों परिवारों के रिश्तों की मजबूती इन महापालिका चुनाव नतीजों पर निर्भर करेगी। अगर उन्हें जीत मिली तो तय है कि पारिवारिक गठबंधन आगे बढ़ेंगे, और ऐसा नहीं हुआ तो दोस्ती की नई राह तलाशने की कोशिशें फिर से तेज होंगी।

## आज का राशिफल

**मेष**
व्यापार अच्छा चलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**वृष**
वाहन सावधानी से चलाएँ। कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें।

**मिथुन**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा।

**कर्क**
आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**सिंह**
निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे।

**कन्या**
रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विवाद न करें।

**तुला**
व्यापार में इच्छित लाभ होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**धनु**
रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें। धनार्जन होगा। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी।

**मकर**
कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ**
शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मीन**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# वजन घटाने के लिए ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में खाएं यह चीजें

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर दूसरा व्यक्ति अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं। शरीर का मोटापा आपके लिए कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए वजन को कंट्रोल रखना बहुत जरूरी होता है। मोटापे से छुटकारा पाने के लिए आप अकसर जिम में घंटों समय बिता देते हैं। लेकिन आप चाहें तो अपनी डाइट को हेल्दी रखकर भी वजन घटा सकते हैं।



### ब्रेकफास्ट

**रवा डोसा :** नाश्ते में अकसर लोग परांठे या तली चीजे खाना पसंद करते है। लेकिन इसके बजाय आप रवा डोसा खा सकते हैं। रवा डोसा वजन घटाने में मददगार होता है। दक्षिण भारतीय इसी नाश्ते के साथ अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए एक कटोरी खट्टा दही लें। इसमें दो कटोरी रवा डालें और मिला लें। इसमें थोड़ा पानी डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब राई, करी पत्ता, चना दाल और एक चुटकी नमक के साथ बैटर को सीजन करें। अब एक पैन क गर्म करें, इसमें इस बैटर को डालें और फैलाएं। अब तैयार रवा डोसा को आप खा सकते हैं।

**ओट्स इडली :** वजन घटाने के लिए नाश्ते में ओट्स इडली खाना भी फायदेमंद हो सकता है। इसे बनाने के लिए 2 कप भुने हुए ओट्स को सुखा लें। अब इसमें ताजी कद्दूकस की हुई गाजर, शिमला मिर्च और प्याज मिलाएं। इसके बाद एक कप खट्टे दही में ओट्स और इन सब्जियों को मिलाकर आधे घंटे के लिए रख दें। इसे राई और करी पत्ते से सीजन करें। इडली स्टीमर प्लेट्स को तेल से ग्रीस कर लें और बैटर को स्टीमर में डालें। इडली को 15 मिनट तक स्टीम करें, अब यह खाने के लिए तैयार है।

**अंडे की चाट :** अंडे की चाट प्रोटीन, गुड फैट्स और विटामिन से भरपूर होता है। आप इसका सेवन नाश्ते में कर सकते हैं। यह आपका वजन घटाने में काफी फायदेमंद हो सकता है। इसे खाने से आपको पूरा दिन एनर्जी मिलेगी। साथ ही भूख भी जल्दी से नहीं लगेगी।

### लंच

**बेसन अजवाइन परांठा :** वजन घटाने के लिए आप लंच में बेसन अजवाइन का परांठा खा सकते हैं। इसके लिए आप एक कटोरी बेसन, आधा कटोरी गेहूं का आटा, चुटकी भर नमक, आधा छोटा चम्मच अजवाइन और आधा छोटा चम्मच जैतून का तेल लें। इन सभी सामग्री को अच्छी तरह से मिला लें और डो तैयार कर लें। अब डो के छोटे-छोटे हिस्से रोल करें और ऑलिव ऑयल में कुरकुरा होने तक पकाएं। परांठे को दही या मिली-जुली सब्जियों के साथ खा सकते हैं।

**पनीर भुर्जी और मिक्स्ड चने का सलाद :** प्रोटीन से भरपूर पनीर भुर्जी बनाने के लिए प्याज, अदरक, लहसुन को काट लें। इन्हें एक गरम पैन में जैतून का तेल डालकर गर्म कर लें। 2 टमाटर को नरम होने तक पकाएं। मसाले मिलाकर क्रम्बल किया हुआ पनीर डालें और कटी हुई धनिया पत्तियों से गार्निश करें। वहीं मिक्स्ड चने का सलाद बनाने के लिए एक कटोरी काले चने में कटा हुआ खीरा, टमाटर, शिमला मिर्च, गाजर, प्याज, हरा धनिया और हरी मिर्च डालें। अब इसमें 1 छोटा चम्मच नींबू का रस, चुटकी भर नमक काली मिर्च डालकर अच्छी तरह मिला लें। लंच के लिए सलाद तैयार है।

**वेजिटेबल रवा उत्तपम :** वेजिटेबल रवा उत्तपम प्रोटीन और फाइबर का काफी अच्छा सोर्स है। इसे बनाने के लिए एक कटोरी दही लें। इसमें एक कटोरी रवा और एक चुटकी नमक मिलाएं। बैटर को आधे घंटे के लिए रख दें। कुछ मूंगफली भूनें और गाजर, शिमला मिर्च और प्याज को कद्दूकस कर लें। बैटर में गाढ़ा होने तक पानी डालें। भुनी हुई मूंगफली और कद्दूकस की हुई सब्जियों को बैटर में डाल दें। अब कलछी से गरम तवे पर उसके छोटे-छोटे पैनकेक बना लें। आप इसे लंच में खा सकते हैं, इससे आपको अपना वजन घटाने में मदद मिलेगी।

### डिनर

**मल्टीग्रेन ब्रेड और एवोकैडो सैंडविच :** मल्टीग्रेन ब्रेड के 2 स्लाइस को टोस्ट कर लें। एवोकाडो पल्प निकालें और इस पल्प में नमक और काली मिर्च मिलाएं। अब एक स्लाइस पर हंग कर्ड और दूसरे स्लाइस पर एवोकाडो पल्प लगाएं। स्लाइस पर कद्दूकस किया हुआ पनीर, गाजर और शिमला मिर्च डालें। अब टोस्ट को एक मिनट तक ग्रिल करें और हरी चटनी के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें। डिनर में इस डिश को खाकर आप अपना वजन घटा सकते हैं।

# साबुन या फेसवॉश के बजाए धोएं बेसन से चेहरा, मिलेंगे यह फायदे

चेहरे को धोने के लिए फेस वॉश या साबुन का प्रयोग तो हम सभी करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी चेहरा धोने के लिए बेसन का प्रयोग किया है? चेहरे की कई समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए बेसन से चेहरा धोना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। आज भी जब किसी लड़की की शादी होती है तो कच्चे दूध में बेसन और हल्दी मिलाकर उबटन किया जाता है। बेसन एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर के रूप में काम करता है, यह त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद करता है।

**त्वचा की मृत कोशिकाओं को साफ करता है :** बेसन एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर के रूप में काम करता है। अगर आप बेसन से चेहरा धोते समय कुछ मिनट चेहरे की मसाज करने से त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है। यह एक प्राकृतिक स्क्रब है जो त्वचा से अतिरिक्त तेल, रोम छिद्रों में जमा गंदगी को साफ करने में मदद करता है।

**टैनिंग दूर होती है :** गर्मियों में टैनिंग की समस्या बहुत आम है। लेकिन बेसन से चेहरा धोने से आपको टैनिंग दूर करने में मदद मिलती है। बेसन त्वचा पर जमा गंदगी को साफ करता है और त्वचा की रंगत में सुधार करता है।

**झुर्रियां और फाइन लाइंस कम होती हैं :** चेहरा धोने के लिए बेसन का इस्तेमाल करने से त्वचा को टाइट करने में मदद मिलती है। इससे त्वचा पर मौजूद झुर्रियां और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद मिलती है।

**कील-मुंहासे और दाग धब्बों से छुटकारा मिलता है :** कील-मुंहासों का एक बड़ा कारण त्वचा पर मौजूद अतिरिक्त तेल और गंदगी है, जो रोमछिद्रों में जमा हो जाती है।

# हल्दी का सेवन करने से पुरुषों के मिलते हैं यह खास फायदे

हल्दी एक बेहतरीन मसाला है जो सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। पारंपरिक चिकित्सा में शरीर के कई रोगों को दूर करने के लिए हल्दी का बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया जाता है। त्वचा, बालों की समस्याओं हल्दी बहुत लाभकारी है। साथ ही यह चोट, घावों, इंफेक्शन को दूर करने में मदद करती है। हल्दी में एंटी बैक्टीरियल, एंटीफंगल, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जिससे यह कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं पुरुषों की कई समस्याओं को दूर करने में हल्दी बहुत कारगर साबित हो सकती है। पुरुषों की ऐसी कई समस्याएं हैं जिनमें हल्दी का सेवन बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।



### मांसपेशियों की थकान दूर होती है

पुरुष दिनभर में ऐसे कई काम करते हैं जैसे एक्सरसाइज, खेलना, दौड़ना जिससे उनकी मांसपेशियां बहुत थक जाती हैं और दर्द के लिए संवेदनशील हो जाती हैं। साथ ही जब वे अगले दिन उठते हैं तो उनकी मांसपेशियों में जकड़न होने लगती है। अगर आप रात में हल्दी वाले दूध का सेवन करते हैं तो इससे मांसपेशियों को आराम मिलता है और थकान दूर होती है। हल्दी का सेवन करने से मांसपेशियां तेजी से रिकवर होती हैं।

### चेहरे और त्वचा के लिए फायदेमंद है

पुरुषों की त्वचा महिलाओं से अधिक मोटी होती है। साथ ही त्वचा के रोम छिद्र भी महिलाओं से बड़े होते हैं, जिससे पुरुषों की त्वचा में सीबम का उत्पादन अधिक होता है। यही कारण है कि पुरुषों की त्वचा ज्यादा तैलीय होती है, जो त्वचा की संबंधी समस्याओं का कारण बनता है। अगर पुरुष त्वचा पर हल्दी का फेस पैक लगाते हैं तो इससे त्वचा की कई समस्याओं जैसे बढ़े हुए रोम छिद्र, मुंहासे, दाग-धब्बों आदि से छुटकारा मिल सकता है। हल्दी में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो सूजन को कम करने और त्वचा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करते हैं। यही कारण है कि ज्यादातर स्किनकेयर प्रोडक्ट्स में हल्दी को मुख्य सामग्री के रूप में प्रयोग किया जाता है।

### इम्यूनिटी मजबूत होती है

हल्दी एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है, जिससे यह इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में बहुत फायदेमंद है। साथ ही हल्दी में एंटी बैक्टीयिल और एंटीफंगल गुण होते हैं जिससे सर्दी, जुकाम, वायरल संक्रमण और एलर्जी से छुटकारा दिलाने में सहायक है।

### बालों के लिए फायदेमंद है

पुरुषों में बाल झड़ने और गंजेपन की समस्या अधिक देखने को मिलती है। डैंड्रफ, बालों का विकास न होना, सफेद बाल स्कैल्प में एलर्जी समस्याओं को दूर करने में हल्दी बहुत फायदेमंद है, जो बालों के झड़ने का एक बड़ा कारण है।

# चौमूं हिंसा मामलाः अवैध बूचड़खानों और निर्माणों पर चला बुलडोजर

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर के चौमूं कस्बे में 25 दिसंबर को पुलिस पर हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। धार्मिक स्थल से जुड़े अतिक्रमण विवाद के बाद हालात बिगड़ने और हिंसा फैलाने के मामले में चिन्हित किए गए पत्थरबाजों के घरों व अवैध निर्माणों पर नगर परिषद की टीम ने बुलडोजर कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा, एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता, आईपीएस उषा यादव, चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा सहित कई अन्य थानों के एसएचओ सहित भारी पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात रहा। साथ ही प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहा और हालात पर कड़ी नजर रखी गई। चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पथराव में शामिल 24 पत्थरबाजों के घरों पर नोटिस चस्पा कर तीन दिन में जवाब मांगा था। नोटिस की अवधि 31 दिसंबर को पूरी हो गई थी। लेकिन संबंधित लोगों ने न तो जवाब दिया और न ही कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद नगर परिषद ने अवैध निर्माण हटाने का निर्णय लिया।

चौमूं एसएचओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि तोड़ने की कार्रवाई नगर परिषद प्रशासन कर रहा है। पुलिस की तैनाती यहां किसी स्थिति से निपटने के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर को प्रशासन व पुलिस ने 20 अवैध बूचड़खानों और 4 अवैध निर्माणों को लेकर नोटिस जारी किए थे। सड़क सीमा में किए गए इन अतिक्रमणों को लेकर नियमों की अवहेलना पाए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। नगर परिषद की टीम ने पठान कॉलोनी, बस स्टैंड और इमाम चौक सहित विभिन्न इलाकों में बुलडोजर चलाया गया। बताया गया कि 26 दिसंबर की सुबह चौमूं मेन स्टैंड स्थित धार्मिक स्थल से अतिक्रमण हटाने के दौरान अचानक माहौल बिगड़ गया था। देर रात पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। जिसके बाद भीड़ ने पथराव किया। इस घटना में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 110 लोगों को डिटेन किया था। अब तक 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि पूछताछ में 15 अन्य नाम सामने आए हैं। जो फरार बताए जा रहे हैं।

अतिक्रमण हटाने के दौरान इमाम चौक क्षेत्र में कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन कियाए लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश की। जिसके बाद स्थिति शांत हो गई। एसएचओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि अब तक दो दर्जन से अधिक अतिक्रमणों पर कार्रवाई की जा चुकी है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस कार्रवाई पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि चौमू में कानून को हाथ में लेने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सख्त कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि कानून के समर्थन में है। राजस्थान में शांति भंग करने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। कानून से ऊपर कोई नहीं है। नगर परिषद चौमूं के सहायक लेखाधिकारी सुनील कुमार स्वामी ने बताया कि परिषद ने 29 दिसम्बर को 20 अवैध बूचड़खाने, 4 अवैध निर्माण को लेकर तीन दिन का नोटिस दिया था। जिन लोगों लीगल डॉक्यूमेंट्स नहीं दिए। उनके यहां कार्रवाई की गई है। सुनील कुमार स्वामी ने बताया कि नगर परिषद ने सड़क सीमा में संचालित अवैध मीट व नॉनवेज दुकानों और अवैध रैंप-सीढ़ियों को हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया तो राजस्थान नगर पालिका अधिनियम-2009 के तहत दुकानें सीज की जाएगी और ध्वस्तीकरण का खर्च संबंधित संचालकों से वसूला जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा और अतिरिक्त डीसीपी राजेश गुप्ता स्वयं मौके पर मौजूद रहे। पुलिसकर्मी हेलमेट, लाठी और सेफ्टी जैकेट के साथ चप्पे-चप्पे पर निगरानी करते नजर आए। अधिकांश दुकानों पर ताले लटके रहे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि यह उन लोगों के लिए नजीर बनेगी। जो कानून को चुनौती देने का प्रयास करते हैं। गौरतलब है कि 25 दिसंबर को चौमू बस स्टैंड स्थित मस्जिद के बाहर लोहे की रेलिंग लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान पत्थरबाजों ने पुलिस पर हमला कर दिया था। घटना में 6 पुलिस वालों के सिर पर चोट आई थी। तनाव के चलते कस्बे में दो दिन इंटरनेट भी बंद रहा था। साथ ही पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए पथराव के आरोप में मुख्तार अली, आकिब, मोहसीन खान, उमरबेग, जहीन खान, हैदर अली, आबिद, सलमान, अरबाज, कामरान, ताहिर आलम, जाबाज, फरदीन, शाहरुख, फैजान खान, जावेद खान, जावेद कुरैशी और वसीम कुरैशी को गिरफ्तार किया गया था।

## सौरभ सोनी फिर बने भाजपा जिला आईटी सेल प्रभारी

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी झुंझुनू की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में गुरुवार रात एक अहम कदम उठाया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कुल 36 पदाधिकारियों की नियुक्ति जारी की। यह कार्यकारिणी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार घोषित की गई। घोषित सूची में सौरभ सोनी को एक बार फिर भाजपा जिला आईटी सेल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि सोनी इससे पूर्व भी जिला भाजपा में आईटी सेल प्रभारी के पद पर रहते हुए संगठन के डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया समन्वय और तकनीकी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान पार्टी की ऑनलाइन उपस्थिति को मजबूती मिलीए जिसका लाभ संगठन को मिला। पार्टी नेतृत्व द्वारा सौरभ सोनी को पुनः यह जिम्मेदारी सौंपना युवाओं पर विश्वास और उनकी कार्यक्षमता को मान्यता देने का संकेत माना जा रहा है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सौरभ सोनी को शुभकामनाएं दी और उनके अब तक के कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि आईटी सेल की भूमिका वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है और सोनी के अनुभव का लाभ पार्टी को आगामी कार्यक्रमों और पंचायत और निकाय चुनावी तैयारियों में मिलेगा।

## ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन समारोह कल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** एंटरटेनमेंट पैराडाइज एजवाहन सर्किल में चार जनवरी को आयोजित होने वाले ब्राह्मण समाज के स्नेह मिलन समारोह व पौष बड़ा महोत्सव में जगतगुरु शंराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होगे। कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार 3 बजे से रात्रि 9 बजे जारी रहेगा। इस भव्य आयोजन में देशभर के ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होंगे। वहीं बड़ी संख्या में विप्र समाज के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण दिया गया है। ब्राह्मण समाज के स्नेह मिलन समारोह व पौष बड़ा महोत्सव में समाज से जुड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम में 20 से 25 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। ये आयोजन सप्तऋषि मंडल जयपुर की ओर से किया आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित होगा। वहीं आयोजन की जिम्मेदारी सप्तऋषि मंडल के संयोजक देवीशंकर शर्मा संभाल रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि पौष बड़ा महोत्सव में धार्मिक आयोजन के साथ ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान समाज की भूमिका, आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने कहा-आयोजन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, युवा पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ना और आपसी संवाद को मजबूत करना है।

## गोविंददेवजी मंदिर में माघ महोत्सव कल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार चार जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक माघ महोत्सव का आयोजन मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर है। देव पूजन के बाद तीर्थों और पवित्र नदियों को भावभरा आह्वान कर पुष्प, अक्षत से सोडशोपचार पूजन किया जाएगा। इस मौके पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी होगा। यज्ञ पूर्णतया निःशुल्क होगा। श्रद्धालुओं को सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं है। सभी को यज्ञ में आहुतियां प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली यज्ञ संपन्न कराएगी। इस मौके पर जनवरी माह में जन्म लेने वाले लोग अपना जन्मदिन संस्कार भारतीय संस्कृति के अनुसार पंच तत्वों का पूजन कर यज्ञ के साथ मना सकेंगे।

### गोविंद धाम शिविर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

तीर्थराज प्रयागराज में पौष पूर्णिमा से सेक्टर-6, तुलसी मार्ग, नागवासुकी के सामने संगम क्षेत्र में शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में एक माह तक नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, कथा-प्रवचन एवं सेवा कार्य संपन्न किए जाएंगे। गंगा-यमुना के संगम तट पर आयोजित इस शिविर में देशभर से श्रद्धालु एवं साधक भाग लेंगे।

## शक्ति-प्रतिष्ठा-सामर्थ्य का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए : आचार्य राजेश्वर

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** छोटे दादा गुरुदेव शुक सम्प्रदाय पीठाधीश रसिक माधुरी शरण महाराज की 127वीं जयंती के उपलक्ष्य में अजमेर रोड क्वींस कॉलोनी नीलकंठ कॉलोनी स्थित श्री सरस निकुंज की पीठ बरसाना में हो रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन विविध प्रसंगों पर प्रवचन हुए। श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में व्यास पीठ पर आचार्य डॉ. राजेश्वर ने राम नाम की महिमा, भगवान शिव का अगस्त्य ऋषि से राम कथा का श्रवण, सती मोह, पार्वती जन्म, कामदेव को भस्म करना और शिव-पार्वती विवाह की कथा का श्रवण कराया। आचार्य डॉ. राजेश्वर ने कहा कि शक्ति, बल, प्रतिष्ठा और सामर्थ्य प्राप्त होने पर कभी भी उसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। यदि हम अपनी शक्ति और सामर्थ्य का दुरुपयोग करते हैं तो फिर जीवन से आनंद समाप्त हो जाता है। शिव-सती की कथा का यही संदेश है। शक्ति ने अपने जगत जननी भवानी होने के सामर्थ्य का दुरुपयोग किया इसी कारण शिव रूपी आनंद ने उनका साथ छोड़ दिया।

श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि दूसरे दिन कई संतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। श्री सरस परिकर की ओर से सभी का सम्मान किया गया। कथा प्रवचन नौ जनवरी तक प्रतिदिन मध्याह्न 1:30 से शाम 5 बजे तक होंगे। कथा के दौरान अनेक आचार्यों एवं संत.महात्माओं का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

### श्रद्धालुओं के लिए जलाए अलावः

सर्दी बढने के कारण कथा स्थल पर बाहर अलाव जलाया गया। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने पहले हाथ तपाए बाद में कथा सुनी। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि श्रद्धालुओं को सर्दी से बचाने के सभी व्यवस्था की गई है। दरवाजे और खिड़कियों पर मोटे पर्दे लगाए गए हैं ताकि ठंडी हवा नहीं आए। बैठने की व्यवस्था मोटे कालीन और गद्दों पर की गई है।

## पौष बड़ा महोत्सव आयोजित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नववर्ष के उपलक्ष में घाट गेट स्थित प्राचीन मनोकामेश्वर महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोस बड़ा प्रसादी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार कर हलवा-बड़ा का भोग अर्पित किया गया। गणेश मित्र मंडल के अध्यक्ष राजकुमार पलाडिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान शिव की महाआरती की। आरती के पश्चात मंदिर परिसर में पधारे श्रद्धालुओं को दोना प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महोत्सव के सफल आयोजन में मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार लोदीका, स्वागत मंत्री मनीष कुमार अग्रवाल, प्रचार मंत्री बाबूलाल जांगिड़, सचिन, कैलाश शेरगढ़िया, पूर्व कोषाध्यक्ष मुन्नालाल सोनगरा, ललित पलाडिया, शुभम पलाडिया, तुलसी महाराज, रमेश, सोनी, बंटी साहू एवं दिनेश अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मंडल की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। मंदिर परिसर पूरे आयोजन के दौरान भक्तिरस और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

## आरएसएस कार्यालय का भूमिपूजन व पौष बड़ा महोत्सव आयोजित

निसं



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के कायां मन्दिर के पास आरएसएस कार्यालय का भूमिपूजन व पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। नगरपालिका के सौजन्य से विभाग संघ चालक अशोक सिंह, विभाग प्रचारक मुकेश, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता, लोकतंत्र सेनानी व समाजसेवी सज्जन अग्रवाल, सेवाराम गुप्ता के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय माधव कुंज का भूमिपूजन व पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। संघ कार्यालय के लिए श्री कृष्ण परिषद के सहयोग से बांकेरायका परिवार द्वारा भूमि दान की गई। इस दौरान विधि विधान से किए गए भूमि पूजन हवन में सभी आगंतुकों ने आहुति दी। नगरपालिका द्वारा कार्यालय के सामने स्थित चौक का स्वामी विवेकानंद चौक नामकरण किया गया वहीं 17 जनवरी से कस्बे के नया बस स्टैंड पर नगरपालिका के सौजन्य से आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर खंड संघ चालक एडवोकेट सुरेन्द्र तंवर, खंड कार्यवाह अशोक सिरोवा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, सिंघाना मंडल अध्यक्ष संदीप शास्त्री, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, लाखु मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, अमित बिजारणियां, विकास भालोठिया, महेश शर्मा, सोमवीर लांबा, भारत शर्मा, अमित कौशिक, सत्यनारायण शर्मा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सावित्री बाई फुले जयंती आज



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** सैनी समाज अधिकारी एवं कर्मचारी विकास संस्था के सानिध्य में फौज का मोहल्ला स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले अतिथि भवन में 3 जनवरी, शनिवार को सुबह 11 बजे शिक्षा की देवी सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती मनाई जाएगी। सैनी समाज अधिकारी एवं कर्मचारी विकास संस्था के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश धूपिया ने बताया कि जयंती समारोह में महिला विकास पर गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अभिभाषक संघ सुजानग के नए निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम बार रूम में आयोजित किया गया। एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने अध्यक्ष सूरजमल यादव, सचिव बनवारीलाल बिजारणिया, उपाध्यक्ष प्रदीप कठातला, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, संयुक्त सचिव महावीर सिद्ध, पुस्तकालय सचिव किसनलाल शर्मा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसीजेएम न्यायाधीश विकास गजराज भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एडवोकेट निरंजन सोनी, अशोक पारीक, हरीश पारीक, गजेंद्र सिंह, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, मधु चोबदार, नरेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष गोवर्धनलाल चौधरी, श्याम सुंदर खंडेलवाल सहित अनेक वकील मौजूद रहे। नव पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। संचालन एडवोकेट निरंजन सोनी ने किया।

## श्रीकृष्ण बलराम की जय से गूंजी गुलाबी नगरी




निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नववर्ष के पावन अवसर पर गुलाबी नगरी जयपुर ने भगवान श्रीकृष्णकृबलराम के आशीर्वाद के साथ नववर्ष का शुभारंभ किया। नूतन वर्ष पर भगवान श्रीकृष्ण-बलराम सुनहरे रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकले। जिनके जयकारों से परकोटे का क्षेत्र भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। श्रीकृष्णकृबलराम की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ शुक्रवार की दोपहर सिटी पैलेस के समीप स्थित ब्रजनिधि मंदिर से हुआ। शोभायात्रा चौड़ा रास्ता, बापू बाजार, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार और छोटी चौपड़ से होती हुई पुनः ब्रजनिधि मंदिर पहुंची। जहां महाआरती के साथ इसका समापन हुआ। नववर्ष के अवसर पर गुप्त वृन्दावन धाम के तत्वावधान में आयोजित यह शोभायात्रा वर्ष की सबसे भव्य धार्मिक यात्रा रही। जिसमें पूरे शहर से लाखों श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए भगवान के रथ को खींचकर नववर्ष का स्वागत किया। भगवान श्रीकृष्ण-बलराम के रथ को सुनहरे रंग और सुगंधित पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान को पुष्प, फल और श्रीफल अर्पित कर भावपूर्ण स्वागत किया। जैसे ही शोभायात्रा आगे बढ़ी, पूरा परकोटा क्षेत्र हरिनाम संकीर्तन और भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस अवसर पर गुप्त वृन्दावन धाम के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## पौष पूर्णिमा आज : ठाकुरजी का होगा धवल श्रृंगार और खीर का लगेगा भोग

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पौष पूर्णिमा शनिवार को विभिन्न शुभ योग-संयोग में मनाई जाएगी। इस मौके पर ठाकुरजी को धवल पोशाक धारण कराकर सफेद पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। दूध से बनी खीर का भोग लगाया जाएगा। मुख्य आयोजन आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में होगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक कर एकदम सफेद गर्म जामा पोशाक धारण कराई जाएगी।

मोगरे की सफेद कलियों और चंदन से श्रृंगार किया जाएगा। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक सप्रंदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।

शाम को पदगायन होगा। चौड़ा रास्ता के राधा दामोदरजी, मदन गोपाल, त्रिपोलिया बाजार के विनोदी लाल, पुरानी बस्ती के गोपीनाथ, रामगंज बाजार के लाड़लीजी, चादंनी चौक के बृज निधि जी सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में पौष पूर्णिमा पर विशेष झांकी के दर्शन कराए जाएंगे।

### जनता कॉलोनी चेतना केन्द्र में सामूहिक जप

जनता कॉलोनी स्थित गायत्री चेतना केन्द्र पर शनिवार सुबह सात से दस बजे तक सवा लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान होगा। साधक अखंड दीपक के समक्ष बैठकर 5, 11, 21 माला का जप करेंगे। कुछ लोग अपने घर पर ही जप करेंगे। जप के बाद सुबह दस से साढ़े ग्यारह बजे तक गायत्री महायज्ञ होगा। पौष पूर्णिमा पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 108 स्थानों पर एक ही समय एक साथ गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जूम एप के माध्यम से लोग अपने घर भी यज्ञ करेंगे।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा मे कथा वाचक पंडित भवानी शंकर पारीक ने भगवान के वामन अवतार प्रसंग व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कथा में सैकडों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। बाल कृष्ण और वामन भगवान की सजीव झांकी सजाई गई।

पंडित चंद्र प्रकाश ने भागवतजी की पूजा अर्चना करवाई। कथा में आर. के. म्युजिकल ग्रुप ने सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन संदीप जोशी ने किया।

# वजन घटाने में मददगार है हल्दी, इसके सेवन के तरीके

हल्दी का प्रयोग हर भारतीय घर में होता है। दूध से लेकर सब्जियों तक हल्दी का प्रयोग किया जाता है ताकि शरीर स्वस्थ रह सके। इसके पीछे का कारण है हल्दी में होने वाले एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट्स के गुण। हाल ही में एक नया ट्रेंड जोरों से चल रहा है जिसमें हल्दी का प्रयोग वजन कम करने के लिए किया जा रहा है। लेकिन क्या सच में ही हल्दी के प्रयोग से वजन कम करना संभव है? अगर इसका जवाब हां है तो यह आपके लिए एक काफी सुरक्षित और बजट में आने वाली वेट लॉस डाइट का काम कर सकती है। एक बड़ा चम्मच हल्दी में लगभग 0.90-0.80 ग्राम प्रोटीन, 27-29 कैलोरी, 0.29-0.30 ग्राम फैट, 6 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, दो ग्राम फाइबर और आधे ग्राम से कम शुगर, साथ में दैनिक जरूरत का लगभग 3% विटामिन सी, लगभग इतने ही प्रतिशत पोटैशियम, 12 से 15% आयरन और 24 से 26% मैग्नीज होता है। स्वास्थ्य के लिए हल्दी काफी फायदेमंद है। लेकिन इसका अधिक सेवन नुकसानदायक भी हो सकता है।



## हल्दी वजन कम करने में मदद करती है

हल्दी हमारे ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करती है। जो लोग अधिक मोटे होते हैं उन्हें डायबिटीज होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके सेवन से इन्सुलिन रेजिस्टेंस साथ ही फैट रिटेंशन भी नहीं होता। इसलिए हल्दी इन दोनों ही स्थितियों में फायदेमंद है। हल्दी में पोली फेनोल और कर्क्यूमिन होते हैं जिसके अंदर एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीओबेसिटी गुण पाए जाते हैं। यह गुण शरीर के व्हाइट एडिपोज़ टिश्यू में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। कर्क्युकिन फैट सेल्स को विकसित होने से रोकता है। हल्दी का नियमित सेवन करने से पेट में मौजूद बाइल की मात्रा बढ़ सकती है। बाइल से फैट कम होता है और मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। इस प्रकार भी हल्दी वजन कम करने में सहायक मानी जाती है।

## हल्दी वाला दूध

- 6 से 7 मिनट के लिए एक कप फैट फ्री दूध को गर्म कर लें।
- अब इस दूध को एक गिलास में करें।
- उसमें एक चाय का चम्मच हल्दी पाउडर मिला दें।
- इसे अच्छे से मिला लें और फिर पी जाएं।
- हल्दी के सेवन से वजन कम होगा, साथ ही आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और सर्दियों में अधिक ठंड लगने के कारण दिखने वाले लक्षण भी कम होंगे।

## हल्दी- दालचीनी की चाय

- एक पैन में एक कप पानी गैस पर रख दें।
- उसमें आधा चम्मच दालचीनी का पाउडर डालें।
- इसे तब तक उबालें जब तक यह आधा न रह जाए।
- इसे एक कप में करें ताकि यह थोड़ा गुनगुना हो जाए। अब एक चम्मच फ्रेश हल्दी पेस्ट और आधा चम्मच पुदीने का पेस्ट मिलाएं।
- फिर इसे छान कर पी लें।
- इससे वजन कम होने के साथ साथ पाचन समस्याओं से छुटकारा भी पाया जा सकता है।

## हल्दी और लहसुन का ड्रिंक

- एक छोटे कप में 90 एमएल पानी लें।
- अब इसमें एक बड़ा चम्मच नींबू का रस, एक चाय का चम्मच हल्दी और आधा चाय का चम्मच लहसुन का पेस्ट मिलाएं।
- सभी चीजों को एक साथ मिक्स करें और फिर पी जाएं।
- इस ड्रिंक से आपको कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सकते हैं जैसे- डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी बीमारियों का खतरा कम होना। शरीर की चर्बी कम होना और मोटापे से निजात मिलना।

## अदरक और हल्दी वाली चाय

- एक बर्तन में डेढ़ कफ पानी डाल कर उसे गैस पर रखें।
- अब इसमें आधा चाय का चम्मच अदरक और आधा चाय का चम्मच हल्दी का पेस्ट मिलाएं।
- एक उबाल आने दें फिर गैस से उतार लें।
- ठंडा के थोड़ी देर के बाद छान कर पी लें।
- इससे वजन कम होने के साथ साथ कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है और अदरक में एंटी फ्लेचुएंट गुण भी होते हैं।

# तेजी से वजन कम करना है तो डाइट में शामिल करें ये फैट बर्निंग जूस

वजन घटाने की डाइट में ताजा जूस को शामिल करना एक नया कंसेप्ट है। हम यह नहीं कह रहे कि आप वज़न घटाने के लिए लिक्विड डाइट पर चली जाएं, बल्कि यह कहना चाह रहे हैं कि तेजी से वजन घटाने के लिए ताज जूस को भी डाइट में शामिल किया जा सकता है।

**गाजर का जूस :** गाजर में कैलोरीज कम होती हैं और यह फाइबर से भरपूर होते हैं। एक बड़ा गिलास गाजर के जूस का पिएं, इससे आपका पेट काफी देर तक भरा रहेगा। गाजर का जूस पित्त स्राव को बढ़ाने के लिए भी जाना जाता है, जो वसा को जलाने में मदद करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। आप गाजर का जूस बनाते वक्त इसमें एक सेब, आधा संतरा और थोड़ी सी अदरक भी मिला सकती हैं। यह डीटॉक्स ड्रिंक आपके शरीर से सारे टॉक्सिन्स को निकाल देगी।

**करेले का जूस :** वजन घटाने के लिए करेले के जूस का सालों से इस्तेमाल किया जा रहा है। करेले का रस पित्त अम्लों को स्रावित करता है और कैलोरी में बहुत कम होता है। यह वज़न घटाने के लिए सबसे अच्छे जूस में से एक है।

**खीरे का जूस :** खीरे में पानी और फाइबर की मात्रा अधिक होने के कारण इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है। इसमें पानी और फाइबर की उच्च मात्रा की वजह से यह आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है।

**आंवला का जूस :** आंवला आपके पाचन तंत्र के लिए बेहतरीन साबित होता है। इसका रस आपके चयापचय को बढ़ावा देता है।

# मखाना, गुड़ और देसी घी है अच्छी सेहत के लिए अनोखा कॉम्बिनेशन

मखाना सेहत के लिए बहुत हेल्दी फूड माना जाता है। हमारे देश में मखाने का इस्तेमाल धार्मिक कामकाज से लेकर खानपान में कई तरीकों से किया जाता है। मखाना के फायदे सेहत के लिए अनेकों हैं और इसे फॉक्स नट्स, कमल का बीज जैसे कई अन्य नामों से जाना जाता है। डायबिटीज जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए मखाने का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। वैसे तो मखाने का सेवन तो कई तरीके से किया जाता है लेकिन मखाना, गुड़ और देसी घी का एकसाथ सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। मखाना, गुड़ और घी को सेहत के लिए अनोखा कॉम्बिनेशन माना जाता है। मखाना का सेवन वजन कम करने से लेकर डायबिटीज और हार्ट के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। मखाने में सेहत के लिए जरूरी कैल्शियम, कार्ब्स, आयरन और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं और इसमें एंटीऑक्सीडेंट की प्रचुर मात्रा होती है। मखाना में हेल्दी फैट की मात्रा अधिक होती है और सैचुरेटेड फैट कम मात्रा में होता है इसलिए यह हार्ट के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।





## हड्डियों के लिए फायदेमंद कॉम्बिनेशन

हड्डियों को मजबूत बनाने और बीमारियों से बचाने के लिए मखाना, गुड़ और देसी घी का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। मखाना और गुड़ में मौजूद कैल्शियम हड्डियों के लिए बहुत उपयोगी होता है। इसमें मौजूद प्रोटीन मांसपेशियों के विकास के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। मखाना, गुड़ और घी का एकसाथ सेवन करने से आपको हड्डियों से जुड़ी कई समस्याओं में फायदा मिलता है। गठिया के मरीजों के लिए भी इसका सेवन बहुत उपयोगी माना जाता है।

## वजन कम करने में फायदेमंद

आज के समय में असंतुलित खानपान और खराब जीवनशैली के कारण लोग मोटापे की समस्या का शिकार हो रहे हैं। वजन कम करने के लिए मखाना, गुड़ और घी का एकसाथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इनमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को कमजोर होने से बचाते हैं और शरीर के चयापचय को दुरुस्त रखने का काम करते हैं। इन तीनों चीजों का एकसाथ सेवन करने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है और मोटापे की समस्या से निजात मिलता है।

## हार्ट के लिए बहुत उपयोगी

हार्ट से जुड़ी समस्याओं में मखाना का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद सोडियम और पोटैशियम का सही संतुलन आपके हार्ट के लिए बहुत उपयोगी माना जाता है। मखाना, गुड़ और घी का सेवन करने से हार्ट से जुड़ी कई गंभीर स्थितियों में भी फायदा मिलता है। इनमें मौजूद गुड फैट हार्ट के लिए बहुत फायदेमंद होता है और शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का नियंत्रण करने का काम करता है।

## एंटी एजिंग गुण स्किन के लिए उपयोगी

कई अध्ययन से यह बात निकलकर सामने आई है कि मखाने में मौजूद गुण स्किन पर एजिंग के प्रभाव को कम करने का काम करते हैं। इसमें मौजूद एमिनो एसिड जिनमें ग्लूटामाइन, सिस्टीन, आर्जिनिन और मेथियोनीन होते हैं स्किन पर बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करने का काम करते हैं। स्किन को हेल्दी बनाए रखने और बढ़ती उम्र की वजह से स्किन पर पड़ने वाले प्रभाव को दूर करने के लिए मखाना, गुड़ और घी का कॉम्बिनेशन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

## किडनी को हेल्दी रखने के लिए फायदेमंद

आज के समय में जंक फूड्स और फास्ट फूड के सेवन की वजह से शरीर में विषाक्त पदार्थों की मौजूदगी बढ़ती है। इससे बचने के लिए आप मखाना, गुड़ और घी का स्नैक्स के रूप में सेवन कर सकते हैं। मखाने में मौजूद गुण किडनी को हेल्दी रखने के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं। शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए मखाना, गुड़ और घी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

## कैसे करें मखाना, गुड़ और घी का एकसाथ सेवन?

मखाना, गुड़ और घी का एकसाथ सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इन तीनों चीजों का एकसाथ सेवन कई तरीकों से किये जा सकता है। आप सबसे पहले मखाने को घी में डालकर अच्छी तरह से भून लें। इसके बाद इसमें थोड़ी सी घी और उचित मात्रा में गुड़ को पीसकर डालें। अच्छी तरह से मखाने में घी और गुड़ मिल जाने पर इसे निकालकर किसी बर्तन में रखें और रोजाना इसका सेवन करें।

# गला जकड़ा हुआ है तो आपके काम आएंगे ये उपाय

गले में किसी कारण से जकड़न की परेशानी महसूस होने पर काफी ज्यादा असहजता महसूस हो सकती है। इस समस्या से ग्रसित होने पर हमारे कई कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में गले में जकड़न को दूर करने के लिए घरेलू उपायों का सहारा आपके लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। सर्दियों में खासतौर पर गले में जकड़न काफी ज्यादा होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपायों का सहारा ले सकते हैं।



**बर्फ से करें गले की सिकाई :** गले में जकड़न महसूस होने पर गले की गर्फ से सिंकाई करें। बर्फ की सिकाई करने से गले में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। साथ ही अगर आपके गले में सूजन की वजह से जकड़न महसूस हो रही है, तो यह इस परेशानी को दूर करने में प्रभावी हो सकता है।

**पिएं तुलसी का पानी :** गले में जकड़न होने पर आप तुलसी का पानी पी सकते हैं। इसके अलावा तुलसी की चाय भी आपके लिए लाभकारी हो सकती है। तुलसी की चाय को तैयार करने के लिए 1 कप पानी लें। इसमें 4-5 तुलसी की पत्तियां डाल दें। तुलसी की चाय का सेवन करने से गले की खराश, जकड़न और दर्द दूर हो सकती है।

**नमक के पानी से गरारा करें :** गले की जकड़न को दूर करने के लिए आप नमक के पानी से गरारा भी कर सकते हैं। साथ ही इस पानी से गले के आसपास सिंकाई भी की जा सकती है। इससे आपको काफी आराम मिलेगा। बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आप इस गर्म पानी में थोड़ा सा नमक मिला लीजिए। इससे आपको काफी जल्द जकड़न से राहत मिल सकती है।


**शहद की चाय :** शहद की चाय भी आपके लिए प्रभावी हो सकती है। शहद की चाय में एंटीबैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है, जो गले की जकड़न और सूजन को दूर करने में प्रभावी है। शहद की चाय बनाने के लिए एक कप पानी को अच्छे से उबाल लें। अब इसे कप में छानकर इसमें 1 चम्मच शहद मिक्स करके पी जाएं। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

**इमली का पानी :** इमली विटामिन सी से भरपूर होता है, जो गले में दर्द, खराश, अकड़न और जकड़न को दूर करने में प्रभावी हो सकता है। इस पानी को इस्तेमाल करने के लिए 1 कप पानी में 1 इमली का टुकड़ा डालकर अच्छे से उबाल लें। अब इस पानी से कुल्ली करें। ध्यान रखें कि इमली के पानी से सिर्फ कुल्ला करना है। इसका सेवन न करें। इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है।

**हल्दी वाला दूध :** गले की अकड़न को दूर करने के लिए हल्दी भी आपके लिए प्रभावी उपाय हो सकता है। इसके लिए रात में सोने से पहले 1 गिलास गर्म दूध में 1 चुटकी हल्दी और काली मिर्च मिक्स कर लें। अब इस दूध को सोने से पहले पीएं। इससे गले की सूजन और जकड़न से राहत मिलेगी।

# डायबिटीज के बिना भी हो सकती है आपको लो ब्लड शुगर की समस्या, शरीर में दिख सकते हैं ये खास लक्षण

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसमें कि समय-समय पर बढ़ते-घटते ब्लड शुगर का हिसाब रखना पड़ता है। क्योंकि डायबिटीज के मरीजों के लिए ना ज्यादा बढ़ा हुआ ब्लड शुगर अच्छा है ना कम। लेकिन तब क्या जब आपको डायबिटीज ना हो और फिर भी आप का ब्लड शुगर कम रहे। दरअसल, ब्लड शुगर लेवल के कम होने को हाइपोग्लाइसीमिया कहते हैं और ये डायबिटीज के बिना भी किसी को भी हो सकता है। ज्यादातर लोग जिन्हें डायबिटीज नहीं होता वे कभी अपना ब्लड शुगर लेवल चेक नहीं करते और इसलिए उन्हें कभी पता ही नहीं चल पाता कि उनका ब्लड शुगर लेवल लो है।



**डायबिटीज के बिना लो ब्लड शुगर-:** डायबिटीज के बिना लो ब्लड शुगर तब होता है जब आपके खून में पर्याप्त शुगर नहीं होती है। कई बार ये स्थिति तब भी होती है जब आपका शरीर ब्लड शुगर लेवल को स्थिर नहीं कर पाता है। मेडिकल टर्म में समझें तो, ब्लड शुगर 70 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर (मिलीग्राम/डीएल) से नीचे चला जाता है। इसके अलावा कई बार असंतुलित आहार या फिर अस्वास्थ्यकर आहार के कारण भी ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है। साथ ही लंबे समय तक भूखा रहने या व्रत करने से और ज्यादा एक्सरसाइज करने से भी ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है। दूसरी ओर, कई बार स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ गंभीर स्थितियों के कारण भी आम लोगों को लो ब्लड शुगर लेवल की समस्या होती है। जैसे कि मेटाबोलिज्म, हार्मोनल गडबड़ियां, किडनी, लिवर और पेनक्रियाज से जुड़ी समस्याएं होने पर भी लोगों को लो ब्लड शुगर की समस्या हो सकती है। तमाम स्थितियों के कारण भी डायबिटीज के बिना लो ब्लड शुगर के लक्षण दिखते हैं।

**पसीना आना और थकान महसूस करना :** डायबिटीज के बिना लो ब्लड शुगर के लक्षण के रूप में लोग सबसे पहले थकान महसूस करते हैं। इसके अलावा लोगों को तेजी से पसीना महसूस होता है। इससे सिर चकराने लगता है और शरीर भारी लग सकता है। ये तमाम लक्षण नजर आए तो इसे नजरअंदाज करें।

**बार-बार झुनझुनी होना या घबराहट :** पैरों, हाथों में और होंठो में बार-बार झुनझुनी होना या भूख लगना लो ब्लड शुगर का लक्षण है। इसके अलावा ब्लड शुगर कम होने से आपको रह-रह कर घबराहट हो सकती है। इसके अलावा लो ब्लड शुगर लेवल से चिड़चिड़ापन भी बढ़ जाती है।

**बेहोशी :** जब किसी का ब्लड शुगर ज्यादा लो हो जाता है उसमें इसकी वजह से बेहोशी की समस्या हो सकती है। जी हां, अचानक से बेहोश हो जाना कई बार लो ब्लड प्रेशर के कारण हो सकता है। ये स्थिति काफी गंभीर है और इसे तुरंत ठीक करना जरूरी होता है। नहीं तो व्यक्ति अचानक से कोमा में भी जा सकता है।

**झटके आना या दौरे पड़ना :** लो ब्लड शुगर में अक्सर मरीजों को झटके आ सकते हैं या फिर दौरे पड़ सकते हैं। ये स्थिति बेहद गंभीर होती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

**सोने में दिक्कत या हर समय नींद आना :** जब आप सो रहे हों तो भी आपका शुगर लेवल कम हो सकता है। इससे आप सोते-सोते ही बेहोश हो सकते हैं। साथ ही इसके कारण आप रात में जाग सकते हैं या सुबह सिर दर्द और थकान महसूस हो सकती है।

## धुंधला दिखना

लो ब्लड शुगर होने पर अक्सर आपको कमजोरी महसूस हो सकती है जिसकी वजह से सब धुंधला नजर आ सकता है। इसमें आपको बार-बार देखते समय परेशानी महसूस हो सकती है और चक्कर भी आ सकता है।

## बोलने में दिक्कत या कंफ्यूजन

लो ब्लड शुगर होने पर कई बार आपको बोलने में दिक्कत महसूस हो सकती है या आप कंफ्यूज हो सकते हैं।

# गोंद कतीरा खाने के क्या फायदे हैं और इसे कैसे खाना चाहिए?

गोंद कतीरा स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से कई तरह की परेशानी दूर हो सकती है। कब्ज से लेकर पीरियड्स में होने वाली परेशानियों को दूर करने में गोंद कतीरा लाभकारी होता है। भारत में कई लोग इसका सेवन कई तरीकों से करते हैं। कई लोग मिश्री के साथ पीसकर या फिर दूध में मिक्स करके इसका सेवन करते हैं।



## गोंद कतीरा कितने दिन तक खाना चाहिए

गोंद कतीरा स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होता है। इससे आपको कई लाभ हो सकते हैं। ऐसे में आप नियमित रूप से गोंद कतीरा का सेवन कर सकती हैं। हालांकि, सीमित मात्रा मे ही इसका सेवन करें। लगातार कुछ महीनों तक आप गोंद कतीरा का सेवन कर सकते हैं।

## गोंद कतीरा पीने से क्या होता है

गोंद कतीरा स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकता है। इससे कई तरह की समस्याएं जैसे- शारीरिक कमजोरी, अनियमित पीरियड्स, टॉन्सिल्स की समस्या, मुंह के छालों से राहत और वजन घटाने में राहत मिल सकती है। इसके अलावा यह कई अन्य परेशानी को दूर करने में प्रभावी होता है।

## गोंद कतीरा का प्रयोग कैसे करें

गोंद कतीरा कई परेशानियों को दूर करने में प्रभावी होता है। इसका इस्तेमाल आप कई तरीकों से कर सकते हैं। कई लोग गोंद कतीरा का इस्तेमाल लड्डू बनाने में करते हैं। गोंद का लड्डू स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। वहीं, दूध और मिश्री के साथ मिक्स करके भी इसका सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी खाने की चीज को गाढ़ा बनाने के लिए भी गोंद कतीरा का इस्तेमाल किया जा सकता है।

## गोंद कतीरा कैसे बनता है

गोंद कतीरा, कतीरा नाम के पेड़ की छाल से प्राप्त होता है। इसे तैयार करने के लिए पेड़ की छाल को काटा जाता है। इसके बाद इससे पीले और सफेद रंग का रस निकलता है। जिसे किसी बर्तन में जमा कर लिया जाता है। जब यह गोंद जमकर जाती है, तो इसे ही गोंद कतीरा कहा जाता है।

## गोंद कतीरा कब खाना चाहिए

गोंद कतीरा का सेवन कभी भी किया जा सकता है। हालांकि, प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं को इसे खाने की सलाह काफी ज्यादा ही जाती है। क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व महिलाओं के शरीर में होने वाले पोषक तत्वों की कमी को पूरा करता है। साथ ही यह महिलाओं में पीरियड्स को नियमित करने के लिए भी लाभकारी होता है। इससे उनकी हड्डियों को मजबूती मिलती है। इसके अलावा इनफर्टिलिटी की समस्या से जूझ रहे पुरुषों को भी गोंद कतीरा खाने की सलाह दी जाती है।

## क्या वजन घटाने में मददगार है गोंद कतीरा

वजन घटाने के लिए भी आप गोंद कतीरा का सेवन कर सकते हैं। इसमें फाइबर की अधिकता होती है, जो आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराती है। ऐसे में अगर आप रोजाना गोंद कतीरा खाते हैं, तो यह आपके भूख को कंट्रोल रखकर वजन को घटाने में प्रभावी हो सकती है। गोंद कतीरा का इस्तेमाल आप ड्रिंक्स के रूप में कर सकते हैं। साथ ही यह हीट स्ट्रोक से भी बचाव करती है।

# तीन हजार किलो के विभिन्न पुष्पों से होगा श्री गौर निताई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर इस्कॉन रोड स्थित श्री श्री गिरिधारी दाऊजी मंदिर धौलाई में शनिवार को श्री कृष्ण की पुष्प लीलाओं के संदर्भ में पौष पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य पर प्रथम पुष्प अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर के उत्सव विग्रहों के साथ-साथ भगवान के मूल विग्रहों का भी लगभग 3 हजार किलो के विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य पुष्प्य अभिषेक किया जाएगा। इस अभिषेक में गुलाब, गेंदा, कमल सहित 10 से अधिक प्रकार की पुष्प प्रजातियों की पंखुड़ियों का उपयोग कर श्री श्री गौर निताई, श्री श्री गिरिधारी दाऊजी एवं श्री श्री राधा मदनमोहनजी का विशेष अभिषेक किया जाएगा। यह पुष्प्य अभिषेक निरंतर एक घंटे तक जारी रहेंगा। इस महोत्सव की विशेष बात यह है कि नववर्ष के उपलक्ष्य में लगभग 150 से अधिक स्वयंसेवकों व इस्कॉन मंदिर के भक्तों ने सेवा भावना से भगवान के लिए विभिन्न प्रकार के पुष्प एकत्र कर उनकी पंखुड़ियाँ स्वयं तैयार की है, जिनका उपयोग ठाकुर श्री राधा मदनमोहनजी के पुष्प्य अभिषेक में किया जाएगा। इस दिन प्रातः मंगल आरती के पश्चात श्रृंगार दर्शन में भगवान को भक्तों द्वारा विशेष रूप से तैयार पुष्प पोशाक एवं आभूषण अर्पित किए जाएंगे। साथ ही मंदिर के गर्भगृह एवं प्रांगण को रंग.बिरंगे पुष्पों एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया जाएगा। दिनभर भक्तों के लिए दर्शन एवं संकीर्तन का क्रम चलता रहेगा। कार्यक्रम के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भरपेट स्वादिष्ट प्रसादम् की व्यवस्था की गई है।

**ये रहेगी कार्यक्रम की रूपरेखा**–सायं 6 से साढ़े 6 बजे तक मंदिर परिसर में संकीर्तन का आयोजन होगा। जिसके पश्चात साढ़े 6 से 7 बजे तक संध्या आरती की जाएगी। सात से 8 बजे पुष्प अभिषेक किया जाएगा। जिसके पश्चात 8 बजे से प्रसादम कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सभी श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे।

## नव वर्ष का सर्दी के साथ आगमन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर हुई वर्सात के  नव वर्ष 2026 का अभिनन्दन किया। नव वर्ष पर अल सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था, जो आज शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दो दिन से सुर्यदेव के दर्शन नहीं होने से शीतलहर का आभास हो रहा था। एकाएक मौसम के बदलते मिजाज ने सर्दी बढा दी। किसानों ने बताया की इस समय मावठ रुपी बारिश खरीफ की फसलों सरसौ व चना के लिए अमृत का काम करेगी। शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए चारों ओर लोग सुबह से ही अलाव जलाकर तापते नजर आए। एकाएक मौसम के बदले मिजाज से सर्दी ने अपने तेवर दिखाए ओर लोग गरम कपड़े व अलाव का सहारा लेने लगे, वहीं बाजारों में आवागमन कम होने से सन्नाटा पसरा हुआ है।

## राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सावित्रीबाई फुले जयंती को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करवाने की मांग रखी गई है। जगदीश प्रसाद घिंटाला अध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ लाडनूं ने बताया कि इस संबन्ध में लाडनूं उपखंड अधिकारी के माध्यम से राज्य व केंद्र सरकार को 5 जनवरी, सोमवार को ज्ञापन दिया जाएगा। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों, शिक्षाविद व कई संगठनों की अगुवाई में सावित्री बाई फुले के कृतित्व व जीवनी के अध्ययन के उपरांत भावी पीढ़ी को संस्कारवान, प्रेरित करने तथा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार को यह दिन राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने के अभियान को गति देने के लिए शिक्षक संघ शेखावत, राष्ट्रीय, अंबेडकर, पंचायती राज, मदरसा पैराटीचर्स, शारीरिक शिक्षक संघ व रेसला सहित तमाम तरह के संगठनों से जुड़े हुए शिक्षक बंधुओं से अभियान में सहयोग करने की अपील की गई है।

## सिसोदिया की सेवानिवृति पर अभिनन्दन समारोह आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** लाडनूं निवासी डॉ. गुलाब नबी सिसोदिया राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा से उप कुलसचिव के पद से सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर उन्हें विश्विद्यालय के कर्मचारी संघ, विश्विद्यालय के कुल गुरु, अधिकारियो कर्मचारियों ने साफा एवं माला पहनाकर समारोह पूर्वक विदाई दी। समारोह पश्चात् उनके निवास स्थान पर ओम बिरला अध्यक्ष लोकसभा, संदीप शर्मा विधायक कोटा, प्रो. बीपी सारस्वत, कुल गुरु कोटा विश्वविद्यालय, प्रो. निमित चौधरी कुल गुरु, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा, संभागीय आयुक्त अनील अग्रवाल, नागरिक सहकारी बैंक कोटा के वाइस चेयरमैन हिम्मत सिंह हाडा, विश्विद्यालय के प्रोफेसर्स एवं अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कोटा के राजनेता एवं शक्ति नगर के गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर डॉ. नबी का अभिनंदन करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## नरेगा अनियमितता पर कार्रवाई

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** लोकपाल मनरेगा जिला परिषद सीकर हरिराम ने बताया कि ग्राम पंचायत सुजाना, पंचायत समिति खण्डेला में नरेगा कार्यों के क्रियान्वयन में अनियमितता पाए जाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। साप्ताहिक अवकाश के दिन एनएमएमएस ऐप पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने तथा पर्यवेक्षणीय लापरवाही के मामलों में ग्राम विकास अधिकारी सरोज मीणा एवं कनिष्ठ सहायक शीशराम पर 500-500 रुपये तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक विजय कुमार सैनी पर 1000 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही एनएमएमएस ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने वाली ममता जाट की आईडी को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक एवं ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। दोषी कार्मिकों से शास्ति राशि वसूल कर 30 दिवस में राजकोष में जमा कर प्रमाण सहित अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए गए हैं।




## शिक्षा विभाग ने जिले के 29 विद्यालयों के लिए जारी किए विशेष दिशा-निर्देश

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में निदेशक शिक्षा विभाग, बीकानेर द्वारा प्रदेश के आंशिक क्षतिग्रस्त विद्यालयों के सुरक्षित संचालन हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार जिले के कुल 29 विद्यालयों को चिह्नित करते हुए स्पष्ट किया गया है कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा, सुविधा एवं अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जहां किसी विद्यालय का भवन असुरक्षित अथवा अपर्याप्त है और नजदीक स्थित निर्देशित विद्यालय में विद्यार्थियों की पढ़ाई सहज एवं सुगम रूप से संचालित हो सकती है, वहां अस्थायी संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि किसी भी विद्यालय को बंद या मर्ज नहीं किया जा रहा है। जैसे ही नए भवन का निर्माण अथवा क्षतिग्रस्त भवन की पूर्ण मरम्मत का कार्य पूर्ण होगा, विद्यालय को पुनः अपने मूल भवन में संचालित किया जाएगा। यह अस्थायी व्यवस्था केवल विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि जिन विद्यालयों में भवन आंशिक रूप से असुरक्षित है, लेकिन सुरक्षित कक्षा कक्ष उपलब्ध हैं, वहां उन्हीं सुरक्षित कक्षों में कक्षाएं संचालित की जाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थी किसी भी स्थिति में असुरक्षित कक्षा कक्षों या भवन के जोखिमपूर्ण हिस्सों की ओर न जाएं। शिक्षा विभाग के इस निर्णय से विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई भी बिना बाधा जारी रह सकेगी।

# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। एनएसएस प्रभारी डॉ. अंकिता ने बताया कि मुख्य अतिथि एमजेडी महाविद्यालय तारानगर की प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया व महिला महाविद्यालय प्राचार्य हीरालाल ने मां सरस्वती की तस्वीर में समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि बुडानिया ने अपने व्याख्यान में शिविर के उद्देश्य एवं समाज सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्घाटन के पश्चात स्वयंसेवकों को पाँच समूहों में विभाजित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही शिविर की कार्य-रूपरेखा तैयार कर दैनिक कार्यक्रम की जानकारी दी गई तथा आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। शिविर का प्रथम दिवस सेवा, अनुशासन एवं जागरूकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।



# स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्र में किया श्रमदान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय जी.एच.एस. महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए हुए गांव आसोटा के मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा इसके उपरांत आध्यात्मिक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नैतिक मूल्यों का संवर्धन करना रह। कार्यक्रम का संचालन प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी हरिलाल जांगिड व इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी दिव्या जांगिड के मार्गदर्शन में किया गया। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर, प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई कार्य कर स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया। इस अवसर पर श्स्वच्छता ही सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरक संदेश भी दिए गए। स्वच्छता गतिविधि के बाद आयोजित आध्यात्मिक सत्र में उपस्थित साधु-संतों ने जीवन में अनुशासन, सेवा भाव, सकारात्मक सोच एवं नैतिक आचरण के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने ध्यान एवं प्रार्थना के माध्यम से आत्मिक शांति और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा कार्य नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना है। अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता व सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# फर्जी नाम जुड़वाने का आरोप, कार्यवाही की मांग

निसं



सुजानगढ़ (नवयत्न)। निकटवर्ती गांव भीमसर के लोगों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि गांव में कुछ घूमन्तू जन जाति के लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वा रहे हैं, इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जावे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि करीब 40-50 लोग ऐसे हैं, जिनका नाम 2002 की मतदाता सूची में व उससे पहले कभी भी हमारे गांव भीमसर की मतदाता सूची में नहीं रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गांव की गोचर व चारागाह भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से ऐसे लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वा रहे हैं तथा ये लोग वन्य जीवों का शिकार भी करते हैं। ऐसे लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के बजाय इन पर कार्यवाही की जावे। ज्ञापन पर राजकुमार, सुखदेवाराम, महावीर प्रसाद, बनवारीलाल, गणेशाराम, मदनलाल, रामकुमार, मुकनाराम सहित अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# रिफ्लेक्टिव टेप अभियान से सड़क सुरक्षा को मिला बढ़ावा

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से शुक्रवार को रिफ्लेक्टिव टेप अभियान का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी सीकर ताराचंद ने बताया कि जनवरी माह के दौरान 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, जिसकी थीम सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन है। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी 2026 को आयोजित अभियान के अंतर्गत ट्रैक्टर-ट्रॉली, बैलगाड़ी एवं अन्य धीमी गति से चलने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। रिफ्लेक्टिव टेप अंधेरे में दूर से चमकता है, जिससे वाहन चालकों को सामने मौजूद वाहन या अवरोध का समय रहते पता चल जाता है और दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। अभियान के दौरान आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहननेए चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने एवं निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं तथा सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# मातृशक्ति को बताये जा रहे हैं सीवरेज परियोजना के लाभ एवं उपयोग

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में आरयूआइडीपी द्वारा महिलाओं को घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग की अधिक से अधिक जानकारी देने हेतु वार्ड संख्या 11 में खटीकान मोहल्ले में आरयूआइडीपी जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ व काजल सांखला द्वारा महिलाओं को सीवरेज परियोजना की विस्तार से जानकारी देते हुए घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये कनेक्शन आरयूआइडीपी की ओर से निःशुल्क किये जा रहे है स इन कनेक्शनो में घर के स्नानघरण् रसोई व शौचालय को जोड़ा जायेगा। कनेक्शन के बाद नालिया सुखी रहेगी स्वच्छता में बेहतर बदलाव आयेगा व बिमारियों में कमी आयेगी कूई खाली कराने की समस्या समाप्त हो जायगी। बताया गया की महिलाओं को जानकारी इसलिए दी जा रही किसी कारण वंस घर का व्यक्ति कार्य के लिए बहार गया हो तो सीवरेज परियोजना कार्य के दौरान महिलाओं द्वारा भी परियोजना का पुरा-पुरा लाभ ले सके।

# टैन्ट लाईट हलवाई साऊण्ड एसोसिएशन की बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** हिसारिया गार्डन में तारानगर टैन्ट लाईट हलवाई साऊण्ड एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में संगठन में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में बाल विवाह में टेंट नहीं लगाने व डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष निर्मल सैनी, सिकन्दर सुजानगढ़, पवन रतनगढ़, जुगल कम्मा चूरू, संजय भंवरिया सरदारशहर, किशनसिंह राठौड़ तारानगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की एकता पर जोर दिया। बैठक में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष निर्मल सैनी व बैठक में विशेष योगदान के लिये मो0 सलीम हिसारीया का सम्मान किया गया। बैठक में विनोद सोखला, सीताराम, अजय महर्षि, निर्मल शर्मा, गोविंद शर्मा, सलीम हिसारिया, किशनसिह राठौड़, रामस्वरूप, नरेश सैनी, अजीत सैनी, सुनिल भोजक, राधेश्याम सैनी, गोरीशंकर, नत्थूराम छिम्पा, सुगनाराम, प्रेमजी, कालू, इस्लाम हिसारिया, संदीप शर्मा सहीत बड़ी संख्या में टेन्ट व्यापारियो में भाग लिया।

# मिड-टर्म परीक्षाएं प्रारंभ

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से संबद्ध श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू में शुक्रवार से मिड-टर्म परीक्षाओं का शुभारंभ हो गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में कला संकाय के भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी एवं हिन्दी साहित्य, विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित तथा वाणिज्य संकाय के एबीएसटी एवं ईएएफएम विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं में लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर की शेष मिड-टर्म परीक्षाएं 5 से 6 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। मध्यावधि परीक्षाओं में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बिना वैध कारण के अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार आंतरिक मूल्यांकन में कटौती की जा सकती है, जिसका प्रभाव आगामी मूल्यांकन पर भी पड़ेगा।

## 5 जनवरी से पार्षद देंगे धरना

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अनेक भाजपा पार्षदों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन लिखकर धरने की स्वीकृति मांगी है। उपखंड अधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जिला कलक्टर को विभिन्न मांगों को लेकर पत्र भेजा गया था, लेकिन मांगे पूरी नहीं होने पर 5 जनवरी से नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया जायेगा। ज्ञापन पर पार्षद हरीओम खोड़, मीनाक्षी स्वामी, सीता देवी, रेंवतमल पंवार, नरेंद्र प्रजापत, नरेंद्र गुर्जर, शारदा मण्डावरिया, शान्ति, रविन्द्र सहित अनेक लोगो के हस्ताक्षर हैं।

## जिले में 214516 व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

### खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड

परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 48 लाख 87 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 214516 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। गिव अप अभियान में सीकर जिले में 1046 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गयेए जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे। प्रत्येक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की उचित मूल्य दुकानदारो के सहयोग से सूची तैयार करेंगे तथा वसूली एवं नोटिस संबंधी कार्यवाही भी करेंगे। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे और वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

## टेंट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सैनी का शपथ ग्रहण समारोह 8 को



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में टेंट एसोसिएशन के द्वारा चूरू जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। राजलदेसर टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने बताया कि 8 जनवरी गुरूवार दोपहर 1 बजे विनायक होटल नेशनल हाईवे 11 श्री राजलदेसर गौशाला से भव्य रैली रवाना होगी जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए माली सैनी समाज भवन पहुँचेगी। जहाँ शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा 4 बजे मीटिंग का आयोजन होगा तथा शाम 6 भोजन प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रवि जिन्दल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रास बिहारी शर्मा, संभाग अध्यक्ष राजेंद्र फौजी, महामंत्री रजनीश शर्मा, मुकेश छींपा, संभाग उपाध्यक्ष बाबू भाई सीकर सहित प्रदेश से टेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। समारोह को लेकर राजलदेसर टेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी डोर टू डोर निमंत्रण देने में लगे हुए हैं । शुक्रवार को थानाधिकारी सुरेंद्र बारूपाल को निमंत्रण दिया गया। वही टेंट डीलर समिति व जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी द्वारा थानाधिकारी के जन्मदिन पर माला, शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मनोज पारीक, शक्ति सिंह, जगदीश प्रजापत, मनोज महावर, हनुमान पारीक, गौरी शंकर प्रजापत, परमानंद प्रजापत, श्यामसुंदर सैनी, बबलू स्वामी, छगन जाट, शंकर महावर आदि उपस्थित रहे।

## 15 जनवरी तक ऑनलाईन भरें राज्य बीमा पॉलिसियों के स्वत्व प्रपत्र

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत होने वाले राज्यकर्मियों के हित में राज्य बीमा पॉलिसियों के भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक जिनकी जन्म दिनांक 01 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 है उनकी राज्य बीमा पॉलिसी आगामी 01 अप्रैल 2026 को परिपक्व होगी। उन्होंने बताया कि दावों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को अपनी अंतिम प्रीमियम कटौती दिसम्बर 2025 के वेतन तक करवानी होगी। इसके पश्चात परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 01 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक आवश्यक रूप से दावा ऑनलाईन सबमिट करना होगा। समय पर आवेदन मिलने पर दावा राशि सीधे कार्मिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि दावा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय कार्मिकों को परिपक्वता स्वत्त्व दावा प्रपत्र के साथ बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी, पदस्थापन विवरण, परिशिष्ट क एवं आईएफएमएस/पे मैनेजर वाली बैंक पास बुक या निरस्त चैक की प्रति आवश्यक रूप से अपलोड करनी होगी। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों व पॉलिसी विस्तार के लिए विशेष प्रावधान विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि राज्य सरकार के जिन चिकित्सा अधिकारियों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 62 अथवा 65 वर्ष कर दी गई है उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वत: ही तदनुसार परिवर्तित हो जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई बीमेदार बीमा नियम, 1998 के नियम 39/2 (1) के तहत अपनी पॉलिसी को एक वर्ष निरंतर जारी रखना चाहता है तो उसे अपनी एसएसओ आईडी पर एक्सटेन्डेड पॉलिसी विकल्प सबमिट करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी के माध्यम से विकल्प पत्र भरकर बीमा विभाग में भिजवाना होगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 12 को

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं. 12, लाल कुआं के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड कार्यवाह जयप्रकाश कुमावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव युवा दिवस पर तृतीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीलाल कुआं गणेश पूजा स्थल पर किया जाएगा। 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर संक्रांति उत्सव भी मनाया जाएगा।

# पंचायतीराज, नगर निकाय आम चुनाव 2026

## प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर पंचायतीराज, नगर निकाय आम चुनाव 2026 से संबंधित कार्य को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपादित कराने के लिए अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी तथा प्रभारी कर्मचारी नियुक्त किया गया है। आदेशानुसार समस्त निर्वाचन कार्य समय पर सम्पादित करवाना संबंधित प्रभारी अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

निर्वाचन संबंधित समस्त कार्य के प्रभारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर होंगे। आदेशानुसार निर्वाचन शाखा प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन सीकर, कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर सीकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीकर, यात्रा भत्ता भुगतान प्रकोष्ठ लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट सीकर, निर्वाचन व्यय एवं अनुवीक्षण मोनिटरिंग तथा व्यय लेखा प्रकोष्ठ अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट सीकर, क्रय कमेटी प्रकोष्ठ उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर, मतदान केन्द्र प्रकोष्ठ सहायक कलेक्टर द्वितीय सीकर, सहायक प्रभारी अधिकारी समस्त रिटर्निंग अधिकारी, मतदान दल एवं मतगणना दल गठन प्रकोष्ठ उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सीकर, परिचय पत्र प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी संयुक्त निदेशक एसआईपीएफ सीकर, स्वीप प्रकोष्ठ में प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर, यातायात व्यवस्था प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी पूल जिला कलेक्ट्रेट सीकर, पीओएल प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी कोषाधिकारी कोष कार्यालय सीकर, ईवीएम प्रकोष्ठ में उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग सीकर, जिला निर्वाचन स्टोर प्रकोष्ठ जिला रसद अधिकारी सीकर, आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ राजस्व अपीलीय अधिकारी सह भू-प्रबंध अधिकारी सीकर, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकरए सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी सचिव नगर विकास न्यास सीकर, चुनाव पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर प्रकोष्ठ सचिव नगर सुधार न्यासस सीकर, डाक मतपत्र प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर, आईटी प्रकोष्ठ संयुक्त निदेशक सू.प्रौ. एवं संचार विभाग सीकर, निर्वाचन मार्गदर्शिका एवं प्लान प्रकोष्ठ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर, रूट चार्ट, चैक पोस्ट एवं सैक्टर, एरिया प्रकोष्ठ भू-अभिलेख एवं उपखण्ड अधिकारी सीकर, अल्पाहार एवं रसद व्यवस्थाएं प्रकोष्ठ जिला रसद अधिकारी सीकर, मतपत्र प्रकोष्ठ कोषाधिकारी सीकर, निर्वाचन लेखा प्रकोष्ठ लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट सीकर, नियंत्रण कक्ष प्रकोष्ठ संयुक्त निदेशक एसआईपीएफ सीकर, सांख्यिकी सूचना प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी मुख्य आयोजना अधिकारी सीकर, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रकोष्ठ राजस्व अपीलीय प्राधिकारी सह भू-प्रबंध अधिकारी सीकर, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी सहायक निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय सीकर, विडियोग्राफी प्रकोष्ठ संयुक्त निदेशक कृषि विभाग सीकर, दिव्यांग मतदाता सुविधा प्रकोष्ठ सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सीकर, सील्ड अनसील्ड रेकार्ड प्राप्ति प्रकोष्ठ संबंधित रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम, पंचायत समिति, नगर निकाय क्षेत्र स्तर पर व्यवस्था के लिए प्रकोष्ठ में सबंधित रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम सीकर को नियुक्त किया गया है। ी सहायतार्थ सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है।

# लूट की वारदात करने वाली गैंग का मुख्य सरगना अपने पांच साथियों सहित गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के बहाने युवक को बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सरगना उदय मेहरा सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में जुलूस निकालकर पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की पूरी राशि एक लाख रुपए और पीड़ित का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के बहाने युवक को बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सरगना उदय मेहरा 21 निवासी करधनी, आनन्द नागर 19 निवासी ब्रह्मपुरी, वंश भटनागर 20 निवासी ब्रह्मपुरी, समीर सक्सेना उर्फ चिनु सक्सेना 21 निवासी ब्रह्मपुरी और करण सिंह सोलंकी 25 निवासी ब्रह्मपुरी, तनिष्क सैन 20 निवासी ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग का मुख्य सरगना उदय मेहरा था, जिसने पीडति को नौकरी का झांसा देकर जयपुर बुलाया। प्लानिंग के अनुसार जलमहल की पाल पर सुनसान इलाके जगह ले गया, जहां अन्य साथी पहले से मौजूद थे। सभी ने मिलकर मारपीट कर डराया और यूपीआई के जरिए खाते से रुपए ट्रांसफर करवा लिए और



मोबाइल लूट लिया। फिलहाल आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और अन्य आपराधिक वारदातों में उनकी संलिप्तता को लेकर भी जांच की जा रही है। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि एक जनवरी को पीड़ित परमेश ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि करीब एक माह पहले उसने उदय मेहरा से जयपुर में काम दिलवाने के लिए संपर्क किया था। आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा देकर जयपुर बुला लिया। पीड़ित के अनुसार वह जयपुर आकर ठहरा हुआ था। 30 दिसंबर 2025 को शाम करीब 8 बजे उदय मेहरा उसे काम दिलवाने के बहाने जलमहल की पाल पर ले गया। वहां पहले से मौजूद उसके अन्य साथी भी आ गए। सभी मिलकर पीड़ित को जंगल की ओर ले गए। मारपीट की और डरा-धमकाकर रुपयों की मांग की। भय के कारण पीड़ित ने पिता से अपने खाते में एक लाख रुपए डलवाए, जिसे आरोपियों ने उसके मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर लिया। मोबाइल फोन भी छीन लिया। वहीं मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के माध्यम से आरोपियों की गतिविधियों का रूट चार्ट तैयार किया और लगातार पीछा करते हुए सभी आरोपियों को डिटेन कर गिरफ्तार किया।

## राज्य स्तरीय सिंधी कवि सम्मेलन 4 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी सेन्ट्रल एसोसिएशन एवं राजस्थान सिंधी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार 4 जनवरी 2026 को स्थानीय जवाहर नगर सेक्टर-5 स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में किया जाएगा। सम्मेलन दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। प्रदेशभर से आमंत्रित ख्यातिप्राप्त सिंधी कवि एवं साहित्यकार सम्मेलन में सिंधी संस्कृतिए श्रृंगार, हास्य, वीर, वात्सल्य, भक्ति रस के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अपनी श्रेष्ठ काव्य रचनाओं का पाठ करेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष रतन ऐलानी एवं अकादमी सचिव रजनीश हर्ष ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार भगवान अटलानी करेंगे। काव्य पाठ करने वाले कवियों में डॉ. खेमचंद गोकलानी, हरीश कर्मचंदानी, वीना कर्मचंदानी, डॉ. माला कैलाश, डॉ. रूपा मंगलानी, पूजा चंदवानी, लक्ष्मण पुरसवानी, चित्रेश रिझवानी, कविता तनवानी और वंदिता आहूजा शामिल हैं। इसके अलावा अजमेर से गीता गोकलानी एवं जय किशन गुरबाणीए टोंक से ऋचा असरानी, भीलवाड़ा से डॉ. एस. के. लोहानी खालिस और जोधपुर से रितिका मनवानी भी काव्य पाठ करेंगी। कार्यक्रम संयोजक तुलसी संगतानी ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ श्री अमरापुर दरबार के संत मोनू राम महाराज एवं साईं मुकेश साध द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा।

## कुख्यात गैंगस्टर ने खनन कारोबारी से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अशोक नगर थाना इलाके में कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदार की गैंग के गुर्गो ने एक खनन कारोबारी को वाट्सऐप पर कॉल कर 5 करोड़ करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने वाट्सऐप पर आए नंबरों के आधार पर जांच शुरु कर दी है। एएसआई राजकुमार ने बताया कि पीड़ित सी-स्कीम निवासी खनन कारोबारी है और उसके मोबाइल पर 30 दिसम्बर को इंटरनेशल मोबाइल नंबरों से कई बार कॉल आई। बार .बार फोन आने पर पीड़ित ने कॉल रिसीव की तो अंजान युवक ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा और राहुल रिणाऊ का बदमाश बताया और गाली-गलौच करते हुए 5 करोड़ की रंगदारी मांगी। जिसके बाद बदमाश ने 31 दिसम्बर को फिर से अलग मोबाइल नंबर से कॉल किया और वॉयस नोट भी भेजे। पांच करोड़ नहीं देने पर बदमाश ने परिवार सदस्यों को भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अनजान इंटरनेशन नंबरों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## गोविंद धाम शिविर का शुभारम्भ आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** तीर्थराज प्रयाग की पावन धरा पर आयोजित होने वाले माघ मेले में छोटी काशी के आराध्य देव के नाम से गोविंद धाम शिविर लगाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ 3 जनवरी से होगा और यह एक माह तक संचालित रहेगा। मंदिर सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि यह शिविर सेक्टर-6, तुलसी मार्ग, नागवासुकी के सामने संगम क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोक कल्याण, सनातन संस्कृति का संरक्षण तथा जनमानस को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि शिविर में एक माह तक नियमित धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, कथा-प्रवचन एवं सेवा कार्य संपन्न किए जाएंगे। गंगा-यमुना के पावन संगम तट पर आयोजित इस शिविर में देशभर से श्रद्धालु एवं साधक भाग लेंगे। नववर्ष के उपलक्ष में शिविर में पधारने वाले श्रद्धालुओं को गोविंद धाम का कैलेंडर प्रसाद स्वरूप भेंट किया जाएगा।

# डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में ठेस पहुंचाने के दोषी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** गत सोमवार को सोशल मीडिया पर डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं एसण्सी एसण्टी समाज के खिलाफ अपमानजनक और असंसदीय शब्दों के साथ गाली गलौज करने वाले युवक की गिरफ्तारी नही होने पर आज शुक्रवार को सैकड़ो आक्रोशित जन राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान संतोष तालणिया व हनुमान छाबड़ी के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस थाने परिसर पहुंच कर दोषी व्यक्ति को आदिनांक तक गिरफ्तार नहीं करने पर गहरा आक्रोश प्रकट करते हुए थाने के समक्ष पुरजोर तरीके से नारेबाजी कर अपना विरोध जताते हुए दोषी के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर उसे तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग पर अड़ गये। आक्रोशित जनो से थाना इंचार्ज गौरव खिड़िया ने वार्ता की थानाधिकारी के आश्वासन पर आक्रोशित जन बड़ी मुश्किल से माने और दोषी को तत्काल गिरफ्तारी कर शहर



में परेड करवाने की मांग की।

भविष्य में कोई इस प्रकार से क्षेत्र की गंगा जमुनी विरासत को दूषित करने से पूर्व सोचने को बाध्य हो। इस अवसर पर सरपंच भानीराम मेघवाल, सरपंच देवीलाल, भंवरलाल गोपालपुरिया, जे.पी भाटी, श्रवण जैतासर, जगदीश घुघरवाल, श्रवण बारूपाल, श्रवण जोईया, श्रवण सोडा, लालचंद पंवार, राजेश गहलोत, मदनलाल जाखड़, मुस्ताक खां, लालचंद मीणा, रिखाराम तालणिया, मंगतूराम मंडीवाल, संदीप धानिया सहित सर्व समाज के सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** बांय गांव में गुरुवार को हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। बैठक में एक फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई जिसमें आगामी तैयारी बैठक 4 जनवरी को तय की गयी। आयोजन के सफल क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर भोजराज दाधीच, संजय शर्मा, रामदत टिटानिया और गांव के गणमान्य प्रबुद्धजन आदि उपस्थित थे।

# विधायक राजेंद्र भांबू ने नवीन नलकूप का किया लोकार्पण

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुडाना के रेबारी मोहल्ले में विधायक राजेंद्र भांबू की अनुशंसा पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित नवीन नलकूप का लोकार्पण किया गया। नलकूप के लोकार्पण से क्षेत्र के ग्रामीणों को पेयजल सुविधा में उल्लेखनीय राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विधायक राजेंद्र भांबू का पारंपरिक एवं भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने उन्हें घोड़ी पर बैठाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया, जिससे उनके प्रति स्नेह, सम्मान एवं विश्वास का भाव प्रकट हुआ। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक



नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवीन नलकूप के निर्माण से रेबारी मोहल्ले में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा। कार्यक्रम में पूनम नाथ, जयकरण, महिपाल, सुभाष, मुकेश पातुसरी, सुरेंद्र, रावताराम रेबारी, जठूरी रेबारी, हरफुल जांगिड़, पूर्व सरपंच दिलीप कृष्णिया, किशनाराम खोड़ा, बनवारी जांगिड़, मुकेश शर्मा, हाकम अली पठान, आजाद पठान सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए विधायक राजेंद्र भांबू का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की।

## न्यू ईयर की पार्टी को लेकर मारपीट का मामला दर्ज

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में न्यू ईयर की पार्टी शुरू नहीं करने पर उलाहना देने पर चार युवकों के साथ मारपीट की तथा 20-25 लोग हाथों में सरिया लेकर पीछा करते हुए घर तक आ गए और गाली-गलौज की। इस आशय का मुकदमा शहर के वार्ड संख्या छह निवासी 45 वर्षीय महिला ने पुलिस थाने में दर्ज करवाया है। पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्यों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड संख्या छह निवासी 45 वर्षीय शहनाज पत्नी मकशुद खां द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गयाए कि उसका बेटा जुनैद व रफीक, अब्दुल, तोहफिक चूरू रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में न्यू ईयर पर आयोजित पार्टी में गए थे। जब कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ, तो इन लोगों ने उलाहना दी। जिस पर आयोजक पुनीत अपने साथी दिलीप सैनी व अन्यों के साथ मिलकर मारपीट की। इसके बाद ये लोग घर के लिए रवाना हो गए तो पुनीत, दिलीप व राहुल सहित 20-25 अन्य लोग हाथों में सरिया लेकर इन लोगों के पीछे हो गए तथा घर आकर गाली गलौज करने लगे। सूचना पर शहनाज का भाई नदीम मौके पर पहुंचा तथा इन लोगों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन दिलीप ने सरिये से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई सुरेश कुमार कर रहे हैं।

## चायनीज मांझा बेचने वालों पर कार्यवाही की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने डीएसपी दरजाराम बोस को एक ज्ञापन सौंपकर चाइनीज मांझा बेचने वाले लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मकर सक्रांति का पर्व नजदीक आने के साथ ही चायनीज मांझे की बिक्री शहर में परवान पर है। चायनीज मांझे के कारण आए दिन लोग घायल होते रहते हैं, इसलिए चायनीज मांझा बेचने वाले लोगो के खिलाफसख्त कानूनी कार्यवाही की जावे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190